



डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2024-26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 19 | अंक 87 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 08 जनवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

## एल्यूमीनियम तार चोरी करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, पांच क्विंटल तार जप्त

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ थाना पुलिस ने पांच क्विंटल एल्यूमीनियम तार जप्त कर बदमाश गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ा है।

पुलिस ने बताया कि बीती 04 दिसंबर को गणपत पिता गोवर्धनलाल जाट निवासी नाटाराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुरखेड़ा मगरे से 33 केव्ही इलेक्ट्रीक लाईन के कुल 05 क्विंटल ऐल्युमीनियम के तार अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। मुखबीर सूचना पर लक्ष्मीनारायण पिता भेरूलाल बलाई निवासी कमालपुरा थाना अफजलपुर और राहुल पिता शंभुलाल खारोल निवासी कमालपुरा को हिरासत में लिया गया। सख्ती से पूछताछ में आरोपियों ने तार चोरी की वारदात को कबूल किया। आरेपियों से एक ओमिनी वेन भी जप्त की गई है, जिसका उपयोग तार चोरी करने में करते थे। उनके कब्जे से चोरी गया तार भी बरामद किया गया है।

# खेतों में पॉलीथिन, बिछाए करंट के तार

## फसलों को नीलगायों से बचाने के लिए जुगत लगा रहे धरतीपुत्र

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस। मंगलवार को जनसुनवाई में निंबाखेड़ी के किसान पहुंचे। उन्होंने कलेक्टोरेट में नीलगाय के कारण होने वाली फसलों की बर्बादी के संबंध में शिकायत की। यह पहली बार नहीं है कि नीलगायों से परेशान किसान शिकायत करने आए है। मामला विधानसभा तक उठ चुका है। इधर फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं होने से किसान जुगत लगाकर जैसे तैसे फसलों को नीलगायों से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। कहीं करंट तो कहीं पॉलीथिन का जुगाड़ लगाकर फसलों को बचाया जा रहा है।**

इन दिनो खेतों में रबी फसलें लहलहा रही है। लेकिन, जानवरों से इनकी सुरक्षा करना किसानों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। नीलगायों का आतंक किसानों के लिए भारी पड़ रहा है। नीलगायों के झुंड खेतों में रबी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अपनी फसलों को बचाने के लिए किसान कड़ाके की सर्दी में रातभर जागने के अलावा कई उपाय कर रहे हैं। इनमें चमकदार पन्नी खेतों में लगा रहे हैं, जो रात के समय चमके और हवा चलने पर इनसे सरसराहट जैसी आवाज हो, ताकि नीलगाय न आए। नीलगायों के सूंघने की शक्ति अधिक होती है, इसलिए कई किसान बाजार से रासायनिक दवाइयां लाकर खेत और फसल के आसपास छिड़काव कर रहे ताकि उसकी गंध से नीलगाय खेतों में प्रवेश न करे। इतनी रखवाली करने के बाद भी नीलगाय के झुंड खेतों में घुसकर फसलें रौंद रहे हैं। रात का अंधेरा हो या फिर दिन का उजाला, नीलगाय के झुंड के झुंड खेतो में पहुंचकर फसल को भारी नुकसान पहुंचा रहे है।

किसान शेरसिंह ने बताया कि खेतों में गेहूं की फसल नीलगाय द्वारा प्रतिदिन नष्ट की जा रही है। एक साथ 10 से 15 नीलगाय खेतों में प्रवेश करती हैं, जिस खेत में झुंड जाता है, उस खेत की फसल को चरने के अलावा बर्बाद भी कर रही हैं। भगाने के लिए कई बार प्रयास किया जाता है। लेकिन, अगले दिन वे लौट आती हैं। वहीं किसान राधेश्याम ने बताया नीलगाय ने हर साल की तरह नाक में दम कर रखा है। उन्हें रात में भगाने के लिए हमें पटाखे फोड़ने पड़ रहे हैं। इधर वन विभाग भी नील गाय से निजात दिलाने के लिए कोई प्रयास नहीं कर पाया है।

### झटका मशीन भी साबित हो रही कारगर...

नीलगाय सहित अन्य जानवरों से फसलों की सुरक्षा करने के लिए किसानों को काफी मेहनत करना पड़ रही है। कई किसान खेतों में झटका मशीन लगवा रहे हैं। इस मशीन से जोड़कर पतले तार खेत की बागड़ के आसपास लगाना होते हैं। इसके बाद बैटरी से चलने वाली यह मशीन चालू कर दी जाती है। जैसे ही कोई जीव तार के संपर्क में आता है तो करंट का झटका लगता है। इससे वह दूर फिका जाता है। इसके बाद जानवर दोबारा खेत की तरफ नहीं जाता।

### 25 हजार से ज्यादा नीलगाय...

राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर ने साल 2018 में जिले में



नीलगाय की गणना भी की थी। इसके आंकड़े साल 2021 में घोषित किए गए थे। इनके मुताबिक जिले में 23 हजार 800 नीलगाय पाए गए थे। अब वर्तमान में इनकी संख्या 25 हजार के पार मानी जा रही है। इनसे कुचड़ोद, सिहोर, सेमलियाकाजी, रेवास देवड़ा, हैदरवास, रातीखेड़ी, खजूरी, झावल, अफजलपुर, भावता, रणमाखेड़ी, बोलिया समेत जिले के 112 से अधिक गांव प्रभावित हैं।

### 5 ब्लॉकों में 112 से ज्यादा गांव प्रभावित...

जिले के मंदसौर, मल्हारगढ़, सीतामऊ, गरोठ व भानपुरा ब्लॉक मिलाकर 112 से ज्यादा गांव घोड़ारोज अर्थात नीलगाय से प्रभावित हैं। इनका झुंड रबी, खरीफ सीजन के अलावा अफीम व अन्य खेती पर असर डालता है। फसलों पर लौटने, रौंदने जैसे मामले लगातार आते हैं।

# बीजेपी:मंगलवार को भी नहीं मिला जिलाध्यक्ष..?

## प्रदेशाध्यक्ष और संगठन मंत्री दिल्ली तलब

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा जिलाध्यक्ष की घोषणा 05 जनवरी तक हो जाना थी। लेकिन, गुटबंदी, उठापटक और जोर आजमाइश के चलते फिलहाल घोषणा अभी भी नहीं हो पाई। सूत्रों के अनुसार 40 जिलों पर सहमति बन गई है। इधर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद वीडी शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा को दिल्ली तलब किया गया। हालांकि मंगलवार रात्रि या बुधवार को घोषणा होने की पूरी संभावना है।

सूत्रों के मुताबिक 02 जनवरी को रायशुमारी में मंदसौर सहित 40 से ज्यादा जिलों पर सहमति बन गई थी। सूची फाइनल हो गई है, इसे स्वीकृति के लिए दिल्ली भेजा गया। बताया जा रहा है कि दिल्ली से भी सूची में शामिल नामों को स्वीकृति मिल गई है। नामों की सूची मंगलवार को जारी की जानी थी। लेकिन, कुछ नामों पर सहमति नहीं बनने के कारण सूची रोक दी गई। अब उसमें से भी कुछ जिलों में फिर विवाद शुरू हो गया है। इससे सूची अटक गई है। भाजपा जिला अध्यक्षों की करीब 40 नामों की सूची मंगलवार देर रात तक जारी किए जाने की बात कही जा रही थी। इसको लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में दो घंटे तक मंथन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने जिला अध्यक्षों के नामों पर विचार-विमर्श किया।

बताया गया है कि जिला अध्यक्षों के 15 से अधिक नामों पर अब भी सहमति नहीं बनी है। ऐसे में पहली सूची 35 से 40 नामों की ही जारी की जाएगी। शेष नामों पर पुनर्विचार कर अंतिम रूप दिया जाएगा। सागर, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, सतना, रीवा, नरसिंहपुर सहित अन्य जिलों के जिला अध्यक्ष के एक से अधिक नामों पर पार्टी नेताओं के बीच खींचतान के बीच फिलहाल इन जिलों में जिला अध्यक्ष की घोषणा बाद में की जा सकती है।

### एक दर्जन जिलों में रिपीट होंगे अध्यक्ष...

भाजपा ने लोकसभा चुनाव से पहले मप्र के 12 जिला अध्यक्ष बदले थे। इसमें छतरपुर, पन्ना, मऊगंज, मैहर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, पाढुर्णा, हरदा, इंदौर ग्रामीण, बुरहानपुर, बड़वानी और रतलाम में नए जिला अध्यक्ष बनाए गए। ऐसे में इनमें से अधिकांश जिलों में जिला अध्यक्षों को पुन: मौका दिया जा सकता है। हालांकि मंदसौर में रिपीट के चांस कम लग रहे हैं।

### सामाजिक समीकरण साधने का प्रयास...

बताया जा रहा है कि भाजपा ने संभागवार सामाजिक और राजनीतिक समीकरण साधने का प्रयास किया है। प्रत्येक संभाग में तीन से आठ जिले हैं। इसमें एसटी, एससी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के अलावा महिला को मौका देने का प्रयास है। हालांकि जहां महिला सांसद व महापौर है, वहां पुरुष को ही जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा।

### देरी से सूची आई तो हंगामे के आसार...

प्रदेश के हजारों कार्यकर्ता दो दिन से भोपाल में डेरा डाले हैं। संभावना थी कि छह की शाम तक तो सूची सामने आ ही जाएगी। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक कई कार्यकर्ता इससे नाराज हैं। माना जा रहा है कि सूची में और देर हुई और पसंद के नेताओं को जिला अध्यक्ष नहीं बनाया गया तो कई कार्यकर्ता हंगामा खड़ा कर सकते हैं।

# हरियाणा से गुजरात ले जा रहा था अवैध शराब

## ट्रक में स्कीम बनाकर ले जाई जा रही थी 52 पेटी शराब

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** हरियाणा से गुजरात ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब नई आबादी थाना पुलिस ने बरामद की है। मामले में हरियाणा के एक आरोपी को पकड़ा है। जप्त शराब की कीमत 20 लाख रूपए बताई गई है।



नई आबादी थाना पुलिस के मुताबिक एएसआई सुनीलसिंह तोमर को मुखबीर सूचना मिली की एक व्यक्ति नीमच तरफ से एक सफेद/लाल रंग का अशोक लिलेण्ड कम्पनी का ट्रक जिसका नंबर जीजे 08 एडब्ल्यू 9137 के अन्दर स्कीम बनाकर भारी मात्री में अवैध शराब लेकर जाने वाला है। मुखबीर सूचना की तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु सउनि सुनीलसिंह तोमर द्वारा पुलिस टीम के साथ नालछामाता फंटा पर नाकांबदी की। ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। जिमसे सुनोयोजित तरीके से ट्रक के अंदर स्कीम बनाकर रखी गई अवैध शराब जब्त की। पुलिस ने बताया कि आरोपी कृष्ण पिता मेवाराम शाक्य निवासी फतेहाबाद हरियाणा को गिरफ्तार किया है। आरोपी से अवैध शराब के परिवहन के संबंध में पुछताछ कर शराब के स्त्रोतो के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### 10 तारीख तक रिमांड पर आरोपी...

मामले में पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी कृष्ण पिता मेवाराम शाक्य निवासी फतेहाबाद हरियाणा को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे 10 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर सौंपा गया। अब पुलिस उससे शराब लाने और कहां ले जाना थी, दोनो के संबंध में पूछताछ कर रही है।

# सामाजिक, धार्मिक, व्यापारी संगठनों ने दिया अल्टीमेटम

## चोरियों और लूट की घटनाओं पर जल्द अंकुश नहीं लगाया तो नगर बंद कर विरोध प्रदर्शन करेंगे

**सुवासरा, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर में बढ़ती चोरियों और व्यापारियों में जागरूकता बढ़ाने के लिये थाना प्रभारी कमलेश प्रजापति ने मंगलवार को व्यापारी एसोसिएशन की एक बैठक थाना परिसर में बुलाई। दोपहर बजे 12 शुरू होने वाली बैठक से पहले ही थाना प्रभारी व्यापारियों को लेकर तहसील कार्यालय में चल रही कलेक्टर के जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंच गए। जहां पहले व्यापारी प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को नगर में हो रही चोरी और लूट की वारदातों के बारे में बताया और नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कही। कलेक्टर अदिति गर्ग ने थाना प्रभारी से नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की संख्या के बारे में पूछा तो थाना प्रभारी ने 80 कैमरों की आवश्यकता बताई। जिस पर कलेक्टर ने मुस्कराते हुए कहा कि 80 कैमरे तो मंदसौर शहर में भी नही है। बता दें की नगर परिषद ने वर्ष 2022 में नगर में सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव किया था। लेकिन, परिषद की उदासीनता के चलते इस पर कार्य नही हुआ। अब जब नगर में चोरियो की वारदातें बढ़ने लगी तो पुलिस और परिषद को कैमरे लगाने की याद आयी।

इधर कलेक्टर ने व्यापारी एसोसिएशन से सीसी टीवी कैमरे लगाने में सहयोग मांगा। जिस पर व्यापारियों ने भी सहयोग के लिए हामी भर दी। व्यापारियों ने कलेक्टर को दिए आवेदन में नगर और क्षेत्र में हो रही चोरियों और लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग के साथ नगर में हुई चोरियो का जल्द खुलासा करने की बात कही। यदि इन घटनाओं पर अंकुश नही लगा तो नगर के सभी व्यापारिक, धार्मिक संगठनों के द्वारा नगर बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। नगर में इस बात की भी चर्चा जोरों पर है कि थाना प्रभारी व्यापारियों को



लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कलेक्टर से चर्चा करने गए। लेकिन, व्यापारियों ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में प्रशासन को अल्टीमेटम दे दिया। विधायक के गृह नगर में विगत कुछ महीनों में चोरी की कई वारदाते हुई। लेकिन, विधायक का प्रशासन पर लचर रुख होने से इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। प्रशासन के खिलाफ दिए ज्ञापन पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने कहा यह उनका अधिकार है, पुलिस अपना काम कर रही है।

# एट लेन एक्सप्रेस वे:गाड़ियों पर हो रहा पथराव

## पेट्रोलिंग वाहन पर भी फेंके पत्थर, थांदला टोल पर शिकायत

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम-मंदसौर से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एट लेन एक्सप्रेस वे पर रतलाम जिले के रावटी थाना क्षेत्र में रात में गाड़ियों पर पथराव हुआ। इस दौरान वाहन चालकों ने अपनी गाड़ियां नहीं रोकी। फिर गाड़ियां झाबुआ जिले के एग्जिट पाइंट स्थित टोल पर जाकर रोकी गई। इधर सूचना पर एक्सप्रेस वे का पेट्रोलिंग वाहन भी जब एक्सप्रेस वे पर सर्चिंग करने निकला तो उस पर भी पथराव हुआ। पेट्रोलिंग टीम ने पथराव करने वाले एक युवक को पकड़कर रावटी थाना पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने थोड़ी देर पूछताछ के बाद उस युवक को दोषी नहीं मानते हुए एनएचएआई की टीम के सामने ही छोड़ दिया। पथराव की घटना रविवार रात करीब 10 से 11 बजे के बीच रतलाम जिले के रावटी थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर हुई। मामला सोमवार देर रात सामने आया है। रविवार रात अज्ञात लोगों ने गाड़ियों पर बड़े-बड़े पत्थर फेंके। जिन गाड़ियों पर पथराव हुआ, वे सभी थांदला या झाबुआ की ओर जा रही थी। ऐसे में किसी ने रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई। पथराव के बाद थांदला एक्जिट पॉइंट पहुंचे वाहन चालकों की टोलकर्मियों और पुलिस से काफी बहस भी हुई। पथराव से गाड़ियो को खासा नुकसान हुआ है। यात्रियों ने बताया कि काफी बड़े पत्थर फेंके गए। एक्सप्रेस-वे की पेट्रोलिंग टीम की ओर से रावटी थाने पर आवेदन दिया गया है। इसमें तीन संदिग्धों के नाम भी दिए हैं। उन्होंने एक युवक को तो बाइक समेत पकडक़र भी पुलिस के हवाले किया था।

## बेल्ट से पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कट बताने पर मारपीट के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया। भमेसर (रामपुरा) हाल मुकाम कनघट्टी निवासी कमलेश तेली ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं इको कार से स्कूल के बच्चे को छोड़कर घर जा रहा था, इस दौरान बाइक से खुमानसिंह पिता हरिसिंह पास होकर निकला और बाद में बाइक पलटाकर वापस आया और बोला कि तूने कट क्यों बताया। खुमानसिंह ने बेल्ट से पीटा, जिससे सिर, गले पर चोंट आई। पुलिस ने खुमानसिंह पर केस दर्ज किया।

# बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई ठंडक

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** शहर सहित अंचल में मंगलवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा। अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी हवाओं के तेज होने से अभी दिन-रात का तापमान 2 से 3 डिग्री तक और गिरेगा। वहीं, उत्तर-पश्चिम में 10 जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होगा, जिससे 12 जनवरी युवा दिवस पर कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, लद्दाख में बर्फबारी होने से सर्द हवाएं प्रदेश में आ रही हैं। सोमवार को 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर 204 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से जेट स्ट्रीम चलती रहीं। आने वाले दिनों में बर्फ पिघलने से जनवरी में सर्दी और बढ़ने के आसार है। इस दौरान 20 से 22 दिन तक शीतलहर चलने का अनुमान है। उत्तरी हवा का असर तेज होने से दिन-रात के तापमान में गिरावट आएगी। उत्तर-पश्चिम भारत में 10 जनवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होगा। इसके असर से 12 जनवरी से बूंदाबांदी हो सकती है।

# राजनीतिक अखाड़ा बना पीएम एक्सीलेंस कॉलेज

## एबीवीपी के बाद एनएसयूआई की धमाल, थाने के सामने प्रदर्शन, पुलिस से झड़प, सड़क पर बैठकर की अभाविप नेताओं पर कार्रवाई की मांग



**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज इन दिनो राजनीतिक अखाड़ा बन गया है। इसका परिणाम विद्यार्थी भुगत रहे हैं। जबकि, पुलिस परेशान हो रही है। सड़क पर जाम लगाने से आम जनता परेशानी का सामना करती नजर आ रही है। विगत दिनों अभाविप ने प्रदर्शन किया तो इस बार एनएसयूआई ने।

एनएसयूआई ने मंगलवार को वायडी नगर थाने में प्रदर्शन किया। यहां एनएसयूआई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने थाने के बाहर राजमार्ग पर बैठकर नारेबाजी भी की। इसके बाद थाने के अंदर घुसने के दौरान पुलिस ने उन्हें रोका। इस दौरान पुलिस से नेताओं की झड़प भी हो गई। एनएसयूआई ने अभाविप के नेताओं पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया। साथ ही वायडी नगर पुलिस पर भी आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि कॉलेज प्राचार्य को जबरन परेशान किया जा रहा है।

जिला मुख्यालय का पीजी कॉलेज राजनीतिक अखाड़ा बन गया है। अभाविप ने विगत दिनों प्राचार्य पर गंभीर आरोप लगाए और प्रदर्शन किया तो मंगलवार को एनएसयूआई ने वायडी नगर थाने पर प्रदर्शन किया। यहां अभाविप के नेताओं पर एफआईआर की मांग की। इस दौरान पुलिस ने उन्हें थाने में प्रवेश से रोका तो पुलिस से धक्का मुक्की भी उनकी हुई। इसके बाद राजमार्ग पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे। पुलिस ने उन्हें यहां से उठाया। इसके बाद थाने के बाहर एफआईआर की मांग को लेकर बैठ गए। उनका कहना था कि या तो अभाविप के नेताओं पर कार्रवाई करें या हमारे ऊपर। एनएसयूआई नेताओं ने कहा कि विगत दिनों अभाविप ने जबरन कॉलेज में हंगामा कर गेट बंद कर दिए। जिससे परीक्षा तक प्रभावित हुई। इधर प्राचार्य को लगातार परेशान करने का आरोप भी लगाया। नेताओं ने कहा कि वायडी नगर पुलिस भी दबाव में काम कर रही है। प्राचार्य की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही। इस मामले में सीएसपी सतनाम सिंह ने बताया कि मामले में घेराव या प्रदर्शन नहीं किया गया है। अपना पक्ष रखा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन प्राप्त कर एनएसयूआई की मांगों के संबंध में फैसला लिया जाएगा।

# इंडी के सहयोगी दल एनसीपी नेता के विचार तेजी से बदल रहे हैं, कांग्रेस को अकेले ही लड़ना होगा...

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जब से भाजपा में डबल इंजन नेतृत्व की सरकारे बन रही है, साफ नजर आ रहा है। अनैतिक कूटनीति और सिस्टम का दिमाग से दूरदर्शी योजना बनाकर उपयोग किया जा रहा है। कब किस राजनीतिक दल को हिस्सों में बांटना हो, उस दल के नेताओं को तब पता चलता है जब उनके दल का हिस्सा टूटकर भाजपा में समा जाता है। वह भी कानूनी जामा पहनकर ताकि पुराना दल अलग होने वालों का बाल भी बांका ना कर सके। ऐसा सबसे बड़ा खेल महाराष्ट्र में घट चुका है और भविष्य में भी घटने के लक्षण नजर आ रहे हैं। जो घट चुका है, उसके प्रमाण है उद्धव की शिवसेना टूटी, चुनाव चिन्ह के साथ एकनाथ शिंदे की होकर भाजपा के साथ है। साल भर भी नहीं बीता की अजीत पवार ने भी शरद पवार की एनसीपी के अधिकार सहित विधिवत टुकड़े कर दिए। अब भाजपा को राज्य के साथ देशभर में मजबूत संगठन साबित कर दिया। फिर भले ही अनैतिक कूटनीति की हो और सिस्टम का दुरुपयोग, नतीजा भाजपा के पक्ष में हो गया।



चन्द्रमोहन भगत

इतना सब तो घट चुका है जो समय अंतराल घटने के लक्षण नजर आ रहे हैं, उन राजनीतिक घटनाक्रमों को भी नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। इंडिया का सहयोगी दल कांग्रेस भी है सभी जानते हैं की महाराष्ट्र की पूर्व सरकार महा विकास अघाड़ी की कांग्रेस समर्थित सरकार गिराने की योजना पर अजित पवार का बयान था की बैठक में शरद पवार और गौतम अडानी भी शामिल थे। शरद पवार ने कभी इसका विरोध नहीं किया है। बल्कि, शरद पवार ने अपनी लिखी किताब में भी अडानी की अच्छे बिजनेसमैन के रूप में तारीफ कर चुके हैं।

तो अब लक्षण यह नजर आ रहे हैं की खुले आम सुप्रिया सुले के विचारों में भी बदलाव आ गया है। वह अब यह भी कहने लगी है कि मैं ईवीएम के रहते चार बार सांसद बनी हूं। इसलिए ईवीएम पर आरोप लगाना बेकार बात है। इसके अलावा रमेश विधूड़ी के प्रियंका पर अमर्यादित बयान पर भी सुप्रिया सुले ने आज तक कुछ नहीं बोला है। हाल ही में अजीत पवार ने जनमत के आवेदन लेते हुए कहा कि तुम्हारा नौकर नहीं हूं। इस पर भी शरद पवार, सुप्रिया सुले अभी तक मोन है। अमित शाह के अंबेडकर अपमान वाले मामले में भी बाप बेटी का सार्वजनिक विरोध कहीं प्रकट नहीं हुआ है। जब महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव नतीजे के बाद देश भर में मशीनी नतीजों के खिलाफ आवाजे उठी थी। लग रहा था चुनाव आयोग की नींव हिल जाएगी तब भी सुप्रिया के बयान ने सहारा दिया था कि मैं ईवीएम मशीन के रहते चार बार सांसद बनी हूं। यानी मशीन का विरोध करने वालों में बाप बेटी शामिल नहीं है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना के मुख्य पत्र सामना ने भी देवेंद्र फडणवीस की गडचिरोली यात्रा की जमकर तारीफ की है। जिसके संपादक विरोधियों पर कड़वे शब्दों से हमला करने वाले संजय रावत हैं। कांग्रेस समर्थित महा विकास आघाड़ी और इंडिया वाले अन्य दलों के रुख भी स्पष्ट हैं। तृणमूल कांग्रेस का अपना नजरिया है जो कांग्रेस से शत प्रतिशत मेल नहीं खाता है।

बहरहाल जो राजनीतिक दृश्य कांग्रेस के करीबी सहयोगियों के बदलते विचारों का नजारा पेश कर रहा है। उसे देखते हुए साफ अनुमान लगाया जा सकता है कि कांग्रेस को भारतीय राजनीति में जगत में बने रहना है तो खुद ही मैदान में लड़ाई लड़ना होगी। वरन सहयोगियों के विचारों में कभी भी बदलाव होने का नुकसान कांग्रेस की राज्यों में बची-खुची जमीन छीन कर खदेड़ देगा।

विचार-मंथन



# भूजल का जहरीला होना भविष्य के बड़े खतरे का संकेत

केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की 'वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट-2024' का यह खुलासा बेहद चिंताजनक है कि महाराष्ट्र के सात जिलों वर्धा, बुलढाणा, अमरावती, यवतमाल, नांदेड़, बीड़ और जलगांव के पानी में जहर घुला हुआ है. रिपोर्ट में देशभर में ऐसे 15 जिलों को चिन्हित किया गया है, जिसमें से सात अकेले महाराष्ट्र में ही हैं, जहां भूजल में नाइट्रेट की सीमा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा निर्धारित 45एमजी/लीटर के मानक से अधिक पाई गई है. नाइट्रेट की अधिकता से पेट का कैंसर, बच्चों में ब्लू बेबी सिंड्रोम, जन्म दोष, जन्मजात असामान्यताएं, न्यूरल ट्यूब दोष जैसी समस्याएं हो सकती हैं. भूजल में नाइट्रेट बढ़ने का मुख्य कारण खेतों में डाली जाने वाली रासायनिक खाद और सीवरेज का कुप्रबंधन है. खेतों में हम रासायनिक खाद और कीटनाशकों के अंधाधुंध छिड़काव से अनाज की पैदावार तो बढ़ा लेते हैं लेकिन बरसात के पानी के साथ ये भूजल में मिलकर उसे जहरीला बना देते हैं. इसके अलावा सेप्टिक टैंक से निकलने वाले तरल अपशिष्ट में भी नाइट्रेट होता है और टैंक से अगर उसका रिसाव होता है तो वह भूजल में जाकर मिल जाता है. हालांकि भूजल में नाइट्रेट की मात्रा को लेकर देश के 15 जिलों को ही रेड जोन में डाला गया है, लेकिन हकीकत यह है कि भारत का लगभग 37 प्रतिशत जमीनी क्षेत्र और 38 करोड़ लोग नाइट्रेट प्रदूषण की जद में हैं. इसमें उत्तरप्रदेश, केरल, झारखंड और बिहार जैसे राज्यों को खतरे के कगार पर बताया जा रहा है. आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले दो दशकों में नाइट्रेट प्रदूषण में करीब 52 फीसदी की वृद्धि हुई है. वर्ष 2000 में 22 राज्यों के 267 जिलों में 1549 स्थानों पर नाइट्रेट प्रदूषण था, जबकि वर्ष 2018 में 22 राज्यों के 298 जिलों में 2352 स्थानों पर नाइट्रेट प्रदूषण पाया गया. पिछले दिनों हुए एक अध्ययन से पता चला है कि बढ़ते नाइट्रोजन प्रदूषण के चलते अगले 26 वर्षों में दुनिया भर में पानी की भारी किल्लत हो सकती है और वैज्ञानिकों को अंदेशा है कि 2050 तक वैश्विक स्तर पर नदियों के एक तिहाई उप-बेसिनों को नाइट्रोजन प्रदूषण के चलते साफ पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ सकता है. शोधकर्ताओं ने चेताया है कि पानी की यह कमी और गुणवत्ता में आती यह गिरावट 2050 तक पहले की अपेक्षा 300 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रभावित कर सकती है और आशंका है कि बढ़ते प्रदूषण के कारण नदी स्रोत इंसानों और अन्य जीवों के लिए 'असुरक्षित' हो जाएंगे. प्राचीनकाल से ही दुनिया भर में नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं विकसित होती रही हैं. यह विडंबना ही है कि कथित विकास की अंधाधुंध होड़ में हमने अपने पेयजल स्रोतों को असुरक्षित बना दिया है. दुनिया में वैसे भी उपलब्ध कुल पानी के मुकाबले पीने योग्य पानी की मात्रा केवल तीन प्रतिशत है, जिसमें से 2.4 प्रतिशत ग्लेशियरों और उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव में जमा हुआ है और केवल 0.6 प्रतिशत पानी ही नदियों, झीलों और तालाबों में है जिसे इस्तेमाल किया जा सकता है। उस पर भी हम अपने पेयजल स्रोतों को जिस तरह से प्रदूषित करते जा रहे हैं, निश्चित रूप से वह भविष्य के गर्भ में छिपे बहुत बड़े खतरे का संकेत है, जिस पर अगर अभी ध्यान नहीं दिया गया तो शायद परिस्थिति हाथ से निकल जाए और हमारे करने के लिए कुछ बचे ही नहीं।

# अंतरिक्ष की भावी भूमिकाओं की नींव तैयार

**अभिषेक कुमार सिंह**

भरोसेमंद रॉकेट बनाकर सस्ती लागत के साथ उपग्रहों का प्रक्षेपण करके भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दुनिया में जो प्रतिष्ठा हासिल की है, उसने इसे एक विश्वसनीय और सुदृढ़ भविष्य की ओर मजबूती से कदम बढ़ाने वाले संगठन के रूप में स्थापित कर दिया है. इस संगठन के इन्हीं इरादों की एक नजीर हाल में तब मिली, जब 2024 खत्म होते-होते 30 दिसंबर को इसरो ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से रॉकेट पीएसएलवी-सी60 की मदद से अपना एक नया मिशन-स्पेडेक्स सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है. स्पेडेक्स मिशन का महत्व इससे समझा जा सकता है कि स्पेस स्टेशन, गगनयान और चंद्रयान-4 समेत अब जो मिशन इसरो संचालित कर रहा है, उनमें स्पेडेक्स मिशन में होने वाले परीक्षणों की अहम भूमिका है. खास तौर से अपने आखिरी चरण में जब तीन दिवसीय गगनयान मिशन से तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की निचली कक्षा वाले अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और जब स्पेस स्टेशन परिचालन में आएगा, तो उसमें स्पेडेक्स से डाली गई नींव अपनी भूमिका निभाएगी और उपयोगिता साबित करेगी. यह कैसे होगा, इसके लिए स्पेडेक्स अभियान की बारीकियों को समझना होगा, जो अपने परीक्षणों की सफलता के साथ भारत के भावी अंतरिक्ष अभियानों का ठोस आधार स्थापित करेंगी. असल में, स्पेडेक्स मिशन में इसरो ने



एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 नाम के दो छोटे उपग्रह पृथ्वी की निचली कक्षा में 470 किमी ऊपर भेजे हैं. इनमें से पहला उपग्रह चेजर (पीछा करने वाले) यान की भूमिका में है, जबकि दूसरा वाला लक्ष्य या कहें कि टारगेट है. इनमें से प्रत्येक यान 220 किलोग्राम वजनी है और अपनी कक्षा में ये करीब 29 हजार किमी की गति से परिक्रमा कर रहे हैं. अगले दो साल की अवधि में ये उपग्रह अपनी कक्षा में रहते हुए तीन प्रमुख परीक्षणों को अंजाम देंगे. इनमें पहला परीक्षण है डॉकिंग, दूसरा, डॉक किए गए अंतरिक्ष यानों में ऊर्जा का हस्तांतरण करना और तीसरा उद्देश्य है अनडॉकिंग के बाद पेलोड का संचालन करना. कुल मिलाकर स्पेडेक्स मिशन का उद्देश्य स्पेस में दो अंतरिक्ष यानों को 'डॉक' और 'अनडॉक' करने के लिए आवश्यक तकनीक को विकसित करना है. एक अंतरिक्ष यान से दूसरे यान के जुड़ने या कनेक्ट होने की प्रक्रिया को 'डॉकिंग' और अंतरिक्ष में जुड़े दो अंतरिक्ष यानों को अलग करने की प्रक्रिया को 'अनडॉकिंग' कहते हैं. इस मिशन का दूसरा उद्देश्य डॉकिंग प्रक्रिया संपन्न होने के बाद दोनों अंतरिक्ष यानों में परस्पर ऊर्जा का हस्तांतरण करना भी है. भविष्य में स्पेस रोबोटिक्स जैसे प्रयोगों में ऊर्जा हस्तांतरण की यह तकनीक काफी अहम साबित हो सकती है. समय-समय पर उपग्रहों की देखरेख (सैटेलाइट सर्विसिंग), लंबी दूरी के अंतरिक्ष अभियानों (इंटरप्लेनेटरी मिशनों) और इंसानों को चंद्रमा पर भेजने में भी यह तकनीक काफी मददगार साबित हो सकती है. अगले कई चरणों में परीक्षणों की सफलता तय करेगी कि यह मिशन कामयाब रहा या नहीं. हालांकि इसरो की काबिलियत को देखते हुए कहा जा सकता है कि जल्द ही भारत अंतरिक्ष में उपग्रहों की डॉकिंग-अनडॉकिंग करने वाला दुनिया का चौथा प्रमुख देश बन जाएगा. अमेरिका, रूस और चीन यह क्षमता हासिल कर चुके हैं. इनमें से सबसे पहले अमेरिका ने 16 मार्च 1966 को अपने जेमिनी-8 मिशन के तहत उपग्रह जेमिनी को एक अन्य टारगेट अंतरिक्षयान एजेना के साथ डॉक किया था. इसके अगले ही साल 30 अक्तूबर 1967 को सोवियत संघ (वर्तमान रूस) ने अपने दो उपग्रहों-कॉसमॉस 186 और कॉसमॉस 188 को स्वचालित तरीके से परस्पर डॉक किया था. उस समय अंतरिक्ष से यानों की वापसी के सिलसिले में अमेरिका और सोवियत संघ की इन उपलब्धियों के काफी बड़े मायने थे. चीन ने काफी बाद में 2 नवंबर 2011 को अपनी अंतरिक्ष-प्रयोगशाला तियांगोंग-1 के साथ बिना चालक दल वाले उपग्रह शेनझोऊ-8 को कामयाबी के साथ डॉक किया था. अगर हम मौजूदा अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) की भूमिकाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि अंतरिक्ष में किसी यान या उपग्रह के लिए डॉकिंग या अनडॉकिंग प्रक्रिया का क्या महत्व है. असल में, आईएसएस का निर्माण ही कई टुकड़ों को जोड़कर या डॉकिंग के जरिये हुआ है. यही नहीं, इसकी अंदरूनी संरचनाओं में एक हिस्से से दूसरे हिस्से को डॉकिंग करके इस तरह जोड़ा गया है कि संपूर्णता में यह एक बड़े अंतरिक्षयान जैसा दिखाई देता है. इसके अलावा जब यहां नए अंतरिक्ष यात्री रहने आते हैं और पहले से निवासित यात्री आए हुए स्पेसक्राफ्ट से वापस पृथ्वी की ओर रवाना होते हैं, तो वहां पहुंचे यान की डॉकिंग और अनडॉकिंग-दोनों प्रक्रियाएं संपन्न कराई जाती हैं. ऐसे में स्पष्ट है कि भारत जब डॉकिंग-अनडॉकिंग की यह क्षमता हासिल कर लेता है, तो स्वयं के स्पेस स्टेशन, गगनयान या चंद्रयान-4 आदि अभियानों में उसे इस तकनीक के लिए किसी अन्य देश पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा. वैसे भी कोई अन्य देश इस संबंध में सिर्फ मदद करता है, वह तकनीक का हस्तांतरण नहीं करता है. ऐसे में भारत द्वारा खुद इस तकनीक का विकास करना जरूरी है. उल्लेखनीय है कि दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में परस्पर जोड़ने और अलग करने की इस पूरी प्रक्रिया या डॉकिंग मैकेनिज्म पर भारत ने पेटेंट लिया है. पेटेंट मिल जाने पर डॉकिंग मैकेनिज्म को 'भारतीय डॉकिंग सिस्टम' नाम दिया गया है. इस तकनीक यानी 'इन-स्पेस डॉकिंग' की जरूरत उस समय और ज्यादा होती है, जब किसी एक ही साझा मिशन के लिए कई रॉकेट लॉन्च करने पड़ते हैं और उनके अलग-अलग सामान अथवा उपकरण अंतरिक्ष में भेजे जाने होते हैं. इस नजरिये से देखने पर पता चलता है कि भारत जिस प्रकार से अगले कुछ ही वर्षों में खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और गगनयान मिशन से अपने नागरिकों को अंतरिक्ष में भेजने के इरादे से जो काम कर रहा है, वहां इस तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

# केजरीवाल कैसे दे पाएंगे 'सम्मान राशि'

**रोहित कौशिक**



सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि अरविंद केजरीवाल को पुजारियों और ग्रंथियों की सुध चुनाव के समय ही क्यों आई है? अब तक अरविंद केजरीवाल कहां थे? अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जैसे 'महिला सम्मान' और 'संजीवनी योजना' में रोड़े अटकाने की कोशिश की, वैसे इस योजना में विघ्न डालने की कोशिश न करे, नहीं तो वह पाप की भागीदार होगी। यानी अरविंद केजरीवाल पाप-पुण्य का सवाल बताकर इस मुद्दे पर भी भावनात्मक रूप से लोगों को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। जनता भी यह अच्छी तरह जानती है कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव को देखकर ही यह घोषणा की है। निश्चित रूप से केजरीवाल की राजनीति ने दिल्ली में कमजोर तबके के लोगों को राहत दी है। उन्होंने दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर भी बेहतर काम किया है लेकिन कभी-कभी लोकलुभावन राजनीति दीर्घकालिक उद्देश्यों पर भी असर डालती है। गौरतलब है कि हाल ही में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने 'महिला सम्मान योजना' की घोषणा की थी। इस योजना के अन्तर्गत महिलाओं को हर महीने 2100 रुपए दिए जाने का वादा किया गया था। इसी तरह केजरीवाल ने 'संजीवनी योजना' की घोषणा भी की थी। इस योजना के अन्तर्गत दिल्ली के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का मुफ्त उपचार किए जाने का दावा किया गया था। हालांकि दिल्ली के महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने इन योजनाओं से पल्ला झाड़ लिया। इसके साथ ही दिल्ली के उप-राज्यपाल ने इन योजनाओं के नाम पर महिलाओं से निजी जानकारी लेने वाले व्यक्तियों के खिलाफ जांच के आदेश भी दे दिए। भारतीय जनता पार्टी ने अरविंद केजरीवाल की पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देने वाली चुनावी घोषणा पर कहा है कि अरविंद केजरीवाल की राजनीति हिन्दू विरोधी रही है। अगर वे हिन्दू विरोधी न होते तो मंदिर और गुरुद्वारों के बाहर शराब के ठेके न खोलते। अरविंद केजरीवाल ने मंदिरों और गुरुद्वारों के बाहर शराब के ठेके खोले। अरविंद केजरीवाल लोक-लुभावन घोषणाएं करके सबको चौंकाते रहे हैं। उन्होंने पहले यह घोषणा की थी कि मौलानाओं को 18,000 रुपए मिलेंगे। कुछ समय तक तो मौलानाओं को यह धनराशि मिली लेकिन अब काफी समय से दिल्ली में मौलानाओं को यह धनराशि नहीं मिल रही है। अब केजरीवाल की नजर हिन्दू और सिख मतदाताओं पर है। दिल्ली और पंजाब में सिख काफी संख्या में हैं। अरविंद केजरीवाल ने सोचा होगा कि अभी तो दिल्ली में विधानसभा चुनाव है लेकिन लगे हाथों पंजाब के सिखों को भी खुश कर दिया जाए। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने अरविंद केजरीवाल की इस घोषणा पर संदेह जाहिर करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल चुनावी वादे करते रहते हैं लेकिन वह अपनी घोषणा पूरी नहीं करते हैं। पिछले दिनों कुछ मौलवियों ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के खिलाफ पिछले कुछ समय से मौलवियों को वेतन न मिलने के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन भी किया था। सवाल उठ रहे हैं कि जब दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की सरकार मौलवियों को ही वेतन नहीं दे पा रही है तो वह पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन कैसे दे पाएगी? केजरीवाल ने पुजारियों और ग्रंथियों के लिए तो घोषणा कर दी लेकिन पादरियों का क्या होगा? भविष्य में यदि पादरियों ने भी वेतन की मांग कर दी तो क्या होगा? इसी तरह से अन्य धर्मों के लोगों ने भी ऐसी मांग कर दी तो क्या होगा? अरविंद केजरीवाल की इस घोषणा पर ये सवाल भी उठ रहे हैं कि दिल्ली में पिछले 10 सालों से आम आदमी पार्टी की सरकार है तो क्या पिछले 10 सालों से दिल्ली में पुजारी और ग्रंथी नहीं थे? अरविंद केजरीवाल को पुजारियों और ग्रंथियों की सुध अभी क्यों आई है? इस दौर की राजनीति का दुर्भाग्य यही है कि हमारे राजनेता चुनावों को ध्यान में रख कर कई तरह की घोषणाएं कर देते हैं लेकिन बाद में इन घोषणाओं को पूरा करना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसा अनेक बार हुआ कि जब चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए घोषणाएं कर दी गई लेकिन बाद में वे घोषणाएं पूरी नहीं हो पाई।

# सृष्टि के प्रथम यज्ञ की रक्षा के लिए ब्रह्मा ने बनाए 12 माधव मंदिर, भव्य परिक्रमा की लौट रही रौनक

प्रयागराज में माधव 12 रूपों में विराजमान हैं। इन रूपों की उपासना के लिए यहां मंदिर हैं। सृष्टि के प्रथम यज्ञ की रक्षा के लिए ब्रह्माजी ने इन 12 माधव मंदिरों की स्थापना की थी। प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। देश के ऐतिहासिक और पौराणिक नगरों में शामिल इस शहर का गौरवशाली इतिहास है। इतिहास भी इतना पुराना कि इसकी शुरुआत सृष्टि की रचना से होती है। समय के साथ कई पौराणिक महत्व की परंपराएं विलुप्त हो गईं। राज्य सरकार के प्रयासों से ऐसी ही कुछ परंपराएं बीते कुछ वर्षों में पुनः शुरू हुई हैं। ऐसी है एक परंपरा है द्वादश माधव परिक्रमा की। पुराणों में ऐसा जिक्र है कि सृष्टि की रचना के बाद भगवान ब्रह्मा प्रयाग में ही सृष्टि का पहला यज्ञ किया। इस पावन नगरी के अधिष्ठाता स्वयं श्रीहरि विष्णु हैं। भगवान के यहां 12 स्वरूप विद्यमान हैं, जिन्हें द्वादश माधव कहा जाता है। ब्रह्मा जी के आग्रह पर श्री हरि विष्णु ने यज्ञ की रक्षा इन्हीं द्वादश रूपों में की थी। चक्र माधव मंदिर के महंत अवधेश दास जी बताते हैं कि यज्ञ की सुरक्षा के लिए स्वयं श्रीहरि विष्णु 12 माधव रूप में प्रयाग में विराजमान हैं। किला स्थित अक्षय वट भगवान के अग्निकुंड में चक्र माधव भगवान विराजमान हैं। चूंकि द्वादश माधव यज्ञ की रक्षा के लिए प्रयाग में विराजमान हैं, इसलिए सभी माधव अस्त्र-शस्त्र लिए हुए हैं। जैसे चक्र माधव चक्र के साथ विराजमान हैं। जिस तरह द्वादश ज्योतिर्लिंग हैं, वैसे ही द्वादश माधव हैं। प्रलयकाल में भगवान अक्षय वट के पत्ते पर बाल रूप में विराजमान होते हैं। इसी तरह सृष्टि काल में भगवान 12 रूप में प्रयाग में वास करते हैं। भगावन माधव ही प्रयाग के राजा हैं। पद्म पुराण में भी इसका जिक्र है। त्रेता युग में महर्षि भारद्वाज करते थे द्वादश माधव परिक्रमा मान्यता है कि त्रेतायुग में महर्षि भारद्वाज के नेतृत्व में द्वादश माधव परिक्रमा होती थी। लेकिन, धीरे-धीरे परिक्रमा का दौर समाप्त हो गया। मुगल और अंग्रेजी शासनकाल में द्वादश माधव के मंदिरों को नुकसान पहुंचाया गया। देश को आजादी मिलने के बाद संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी ने भ्रमण करके द्वादश माधव की खोज की। फिर शंकराचार्य निरंजन देवतीर्थ ने धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के साथ 1961 में माघ मास में द्वादश माधव की परिक्रमा आरंभ कराई। संतों और भक्तों ने तीन दिन में परिक्रमा पूरी की। हालांकि, 1987 में एक बार फिर परिक्रमा रुक गई। 1991 में स्वामी हरिचैतन्य ब्रह्मचारी ने एक बार फिर से इस परिक्रमा कराई, लेकिन दूसरे धार्मिक संगठनों और प्रशासन की अनदेखी के चलते यह जारी नहीं रह सकी। चक्र माधव मंदिर के महंत अवधेश दास कहते हैं कि उनके प्रयासों से 2013 में इस परिक्रमा को फिर से शुरू किया गया। 2018 में इस परिक्रमा की सुध स्थानीय प्रशासन ने ली। उस वक्त अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि व महामंत्री महंत हरि गिरि ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस परिक्रमा के महत्व से अवगत कराया। इसके बाद 27 साल से बंद पड़ी द्वादश माधव परिक्रमा की विधिवत शुरूआत हुई। मत्स्य पुराण में लिखा है कि द्वादश माधव परिक्रमा करने वाले को सारे तीर्थों व देवी-देवताओं के दर्शन का पुण्य प्राप्त होता है। पुराणों में कहा गया है कि प्रलयकाल में जब सारी सृष्टि जल में डूब जाती है, तब महाविष्णु माधव बाल मुकुन्द का रूप धारण कर अक्षयवट के पत्ते पर शयन करते हैं। तीर्थराज प्रयाग में माधव 12 रूपों में विराजमान हैं। इन रूपों की उपासना के लिए यहां मंदिर हैं। ये मंदिर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में स्थिति हैं। जो इस प्रकार है।

# साल 2025 में मोहन सरकार की पहली कैबिनेट बैठक, लिए कई महत्वपूर्ण फैसले

**भोपाल, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश कैबिनेट की साल 2025 में पहली बैठक मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मौजूदगी में राजधानी भोपाल के कुशाभाऊठाकरे कन्वेंशन सेंटर में हुई। जिसमें कई कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों के निर्णयों के बारे में जानकारी दी गई।

**कैबिनेट की बैठक में लिए गए ये महत्वपूर्ण फैसले**–हम युवाओं को एक नई दिशा कौशल रोजगार, तकनीकी, खेल युवा कल्याण पर स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन शुरू करने जा रहे हैं और रोजगार से वह कैसे जल्द से जल्द जुड़े। इसमें सभी विभागों के सदस्य रहेंगे। आज भारत देश का सबसे युवा देश कहलाता है। हमारे यहां 27 प्रतिशत युवाओं की आबादी है। किसानों से संबंधित जितने भी उपक्रम हैं। इसमें कैसे हम वृद्धि कर सकें। मध्यप्रदेश डेयरी और राष्ट्रीय डेयरी विकास के साथ अनुबंध कर रहे हैं। सारे दूध के उत्पादन, परिवहन, दूध की पैकिंग, दूध की प्रोसेसिंग और मार्केटिंग। यह सब किसान करता है। हमारे यहां दूध डेयरी। हम फोकस करेंगे कि प्रोफेशनल लोगों को जोड़कर काम करेंगे। प्रत्येक गांव के अंदर एक सहकारी समिति होनी चाहिए। जिसमें दूध उत्पादन हो सके।अगले पांच साल के अंदर 15 सौ करोड का इंवेस्टमेंट करेंगे। सांची ब्रांड को हम महत्वपूर्ण ब्रांड बनाएंगे।

एससी, एसटी युवाओं को कोचिंग देने के साथ गैर एससी-एसटी स्टूडेंट्स को भी कोचिंग देने का काम किया जाएगा। युवाओं से संवाद करने पर काम किया जाएगा। युवाओं की क्षमता बढाने का काम होगा। उन्हें रचनात्मक दिशा में ले जाने का काम किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक वित्तीय प्रबंध किए जाएंगे। कलेक्शन सेंटर की संख्या और उनकी क्षमता बढ़ाई जाएगी। पशुधन खरीदने के लिए को ऑपरेटिव सेक्टर के माध्यम से लोन दिलाने का काम किया जाएगा। विजयवर्गीय ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह कह चुके हैं कि हर गांव में कोऑपरेटिव कमेटी होनी चाहिए। इसी के तहत काम होगा। एमपी में 53 हजार गांव हैं और हर गांव में दुग्ध सहकारी समिति बनाने का काम किया जाएगा। चिलिंग प्लांट लगाने, दूध का उत्पादन बढाने का काम समेकित व्यवस्था के अंतर्गत किया जाएगा। पांच साल में 1500 करोड का इन्वेस्टमेंट किया जाएगा। अभी समितियों की संख्या 6 हजार है। जिसे 9 हजार तक किया जाएगा। दूध संकलन अभी 10 लाख लीटर होता है। जिसे 20 लाख लीटर किया जाएगा। इसकी वार्षिक आय को 1700 करोड से बढाकर 3500 करोड तक करने का लक्ष्य दिया गया है। पीथमपुर के लिए 6 हफ्तों का समय मिला है। हम छोटे-छोटे ग्रुपों में जाकर बताएंगे कि ये कचरे से जहरीले गैस निकल चुकी है।

## राजस्व वसूली शिविर आज नई आबादी में लगेगा

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला राजस्व एवं बाजार समिति की प्रभारी श्रीमती कौशल्या बंधवार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि नगरपालिका परिषद मंदसौर द्वारा करदाताओ की सुविधा के लिए वार्ड वार संपत्तिकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत दिनांक 8 एवं 9 जनवरी 2025 को वार्ड क्रमांक 6 7 एवं 9 स्थान-कंबल केंद्र रोड कुंदन मेडिकल के पास नई आबादी पर शिविर लगाया जाएगा। अत: उक्त वार्ड के समस्त करदाताओं से अपील की जाती है कि शिविर में आकर अपने भवन भूखंड दुकान इत्यादि का टैक्स जमा कराकर नगर विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

## राणावत बने विमलनाथ जैन श्वेताम्बर श्री संघ अध्यक्ष

**पिपलियामंडी, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय विमलनाथ जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ का चुनाव संरक्षक शेतानमल रांका की अध्यक्षता में निर्विरोध सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्वानुमति से एडवोकेट वीरेन्द्र राणावत को अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमठ, राजेन्द्र भंडारी, कैलाश सकलेचा, अभयकुमार पोरवाल, अमृतलाल जैन, भावेष जैन, अनिल जैन, पारस सकलेचा आदि समाजजन उपस्थित रहे।

## संकट में साथ दे वही सच्चा मित्र होता है-उपाध्याय

**नीमच, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** धीरज धर्म मित्र और नारी की परीक्षा विपत्ति के समय होती है। संसार में सच्चे मित्र दुर्लभ होते हैं ।मित्र चाहे कैसा भी हो संकट के समय मित्रता निभाकर मित्र की सहायता करें वही सच्चा मित्र होता है। अपने मित्र को गलत मार्ग से छुडाकर सन्मार्ग की ओर ले जाए वही सच्चा मित्र होता है।यह बात राष्ट्रीय अटल गौरव पुरस्कार से सम्मानित भागवत आचार्य पंडित गोविंद उपाध्याय नृसिंह मंदिर मनासा वालों ने कहीं। वेअग्रवाल समाज बघाना एवं राधिका मंडल के संयुक्त तत्वाधान में बघाना स्थित फतेह चौक गोपाल मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा के विश्राम दिवस बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मित्र हो तो कृष्ण सुदामा जैसा। कृष्णा ने ब्राह्मण सुदामा मित्र को सबके सामने अपने गले से लगाया। अपने राज सिंहासन पर बिठाया और मान सम्मान दिया। सुदामा की दशा देख कर कृष्ण करुणा से भर गए और आंखों से आंसू बहने लगे।श्री कृष्ण ने गरीब मित्र सुदामा के चरण अपने आंसुओं से धुलाएं तो यह मार्मिक दृश्य देखकर रुक्मिणी भाव विहल हो गई यह प्रसंग सुन कर सभी श्रद्धालु भक्त भाव विहल हो गए थे। श्री कृष्ण ने मुट्ठी चावल के बदले तो राज संपत्ति सुख वैभव सब कुछ प्रदान किया था और अपने मित्र की सहायता की थी। तीसरी मुट्ठी के चावल खाने लगे तो रुक्मणि ने रोक दिया था युवा वर्ग को कृष्ण सुदामा की मित्रता से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने मित्र की संकट की घडी में सहायता करनी चाहिए तभी मित्रता सची कहलाती है। घर परिवार में सुख समृद्धि सुख वैभव सब हो तो पितरों की स्मृति में धार्मिक कथाएं व यज्ञ आदि पुण्य परमार्थ के सेवा कार्यआयोजित करवाना चाहिए। दान करने से धन की शुद्धि होती है। श्री कृष्ण ने जो गीता में कहा वह करना चाहिए श्री राम ने जो कर्म किया है वह सभी को करना चाहिए।श्री कृष्ण ने स्वयं ग्वालपाल बन कर संसार को गौ सेवा का संदेश दिया।मित्र, गुरु, मंदिर, संत के यहां खालि हाथ नहीं जाना चाहिए।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव: 5 फरवरी को होगा मतदान

## परिणाम 8 फरवरी को आएंगे, डेढ़ करोड़ लोग करेंगे वोटिंग

**नई दिल्ली, 07 जनवरी।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव सिंगल फेज में 5 फरवरी को होगा। रिजल्ट 8 फरवरी को आएगा। यह जानकारी चुनाव आयोग ने मंगलवार को दी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि देश की राजधानी में डेढ़ करोड़ वोटरों के लिए 33 हजार बूथ बनाए गए हैं। 83।49 लाख पुरुष, 79 लाख महिला वोटर्स हैं। 2।08 लाख नए वोटर्स है। 830 वोटर 100 साल की उम्र से ज्यादा हैं।



इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनावी प्रक्रिया में गडबडी के आरोपों पर 30 मिनट तक फैक्ट्स के साथ सफाई दी। उन्होंने कहा कि चुनाव में वोटर्स बढ़ाने, खास वर्ग को टारगेट करने के आरोप गलत हैं। चुनावी प्रक्रिया को खत्म करने में वक्त लगता है। यह सब एक तय प्रोटोकॉल के तहत होता है। इस पर राजीव कुमार ने 3 शायरी भी सुनाई। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी को खत्म हो रहा है। इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को रिटायर हो रहे हैं। इसके चलते 18 फरवरी से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कराए जाने की संभावना है। 2020 के विधानसभा चुनावों की घोषणा 6 जनवरी को हुई थी। विधानसभा की सभी 70 सीटों पर 8 फरवरी 2020 को सिंगल फेज में वोटिंग हुई थी और 11 फरवरी को नतीजे घोषित हुए थे। 2020 में आम आदमी पार्टी को 53।57 प्रतिशत वोट के साथ 62 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा को 8 सीटों सहित कुल 38।51 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं, कांग्रेस को 4।26 प्रतिशत वोट मिले थे लेकिन पार्टी अपना खाता खोलने में भी नाकाम रही थी। 2015 के चुनाव में भी कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी।



# पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या के विरोध में पत्रकारों ने जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

## मृतक के परिवार को एक करोड़ का मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को छत्तीसगढ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की नृशंस हत्या के विरोध में मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल छत्तीसगढ तथा गृहमंत्री भारत सरकार नईदिल्ली के नाम एक ज्ञापन एसडीएम शिवलाल शाक्य को सौंपा। ज्ञापन में विगत दिनों छत्तीसगढ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश की ठेकेदार सुरेश और उसके साथियों द्वारा निर्ममतापूर्वक की गई हत्या का पुरजोर विरोध किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इस मामले में हत्या को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी सुरेश को गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन मुकेश के शव का पीएम करने वाले चिकित्सकों का कहना है कि हत्या की वारदात को केवल दो आरोपी द्वारा अंजाम देना संभव नहीं दिखता है मौके पर आरोपियों की संख्या ज्यादा रही होगी। ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाकर जो भी इस हत्याकांड में शामिल है उन्हें भी जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जायें और सभी आरोपियों पर से कठोर कार्यवाही की जायें। पत्रकार मुकेश की पोस्टमॉर्टम करने वाले चिकित्सक ने रिपोर्ट में बताया कि उसके सिर पर चोट के 15 फ्रैक्चर मिले, लिवर 4 टुकडो मे मिला, गर्दन टूटी हुई थी और हार्ट भी फट गया था। 5 पसलियां भी टूटी हुई थीं। इस तरह के कृत्य की मंदसौर पत्रकारगण घोर निंदा करते हैं और यह मांग करते है कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सरकार ठोस कदम उठाए, ताकि पत्रकारगण लोकतंत्र में निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अपना कार्य कर सकें। ज्ञापन का वाचन यंग मीडिया क्लब के अध्यक्ष महावीर जैन ने किया। आभार क्लब के उपाध्यक्ष विपिन चौहान ने माना।

**पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग–** इस दौरान यंग मीडिया क्लब द्वारा मध्यप्रदेश और जिले में पत्रकारों पर हो रहे हमले और झूठे मुकदमे दर्ज करने के मामले में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर सख्त कदम उठाने की मांग की गई। साथ ही लंबे समय से पत्रकारों के हित में अविलंब पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाएं।

**ज्ञापन में थी प्रमुख मांगे–** 1 मंदसौर पत्रकार जगत ने छत्तीसगढ सरकार से मांग की गई पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड को जघन्य हत्याकांड में शामिल कर प्रकरण को फास्ट्रेक कोर्ट ने चलाया जाएं। सभी आरोपियों को कडी से कडी सजा दिलाई जाएं। 2. पत्रकार मुकेश चंद्राकर के परिवार को एक करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता तत्काल दी जायें एवं परिवार की आजीविका हेतु परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जायें। 3. छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश सरकार पत्रकारों के हित में अविलंब पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करें। इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष पुष्पराजसिंह राणा, युवा प्रेस क्लब अध्यक्ष महावीर जैन, श्रमजीवी पत्रकार संगठन के प्रीतीपालसिंह राणा, संपादक संघ के अनिल जोशी, वरिष्ठ पत्रकार आलोक शर्मा, प्रकाश सिसौदिया, अजय लोढ़ा, लोकेश पालीवाल, राहुल सोनी, विकास तिवारी, अभिषेक विद्यार्थी, मनीष पुरोहित, चरण राजपाल, औंकारसिंह, संजय भाटी, यंग मीडिया क्लब उपाध्यक्ष विपिन चौहान, सचिव देवेन्द्र मोर्य, कोषाध्यक्ष किशोर ग्वाला, संयुक्त सचिव प्रदीप कारपेंटर, ललित पटेल, सचिन जैन, ललित भाटी, चित्रेश सोनी, जितेश जैन, ललित शंकर धाकड़, शुभम चौहान, ओम बड़ोदिया, नीलेश भारद्वाज, जगदीश वसुनिया, अभिषेक अरोरा, शाहीद पठान, गोविन्द पाटीदार, अजयसिंह तोमर, निखिल चरेड़, देवेन्द्र शर्मा, नंदकिशोर, जितेन्द्र देवड़ा, लक्ष्मण जटिया, दुर्गेश शर्मा, राकेश सेन, राजु सोनी, गोपाल मंगोलिया, राहुल पोरवाल, नितेश पाटीदार, उमेश सुहाना, सेफी बैंक के अध्यक्ष विनय दुबेला सहित अन्य पत्रकार और सामाजिक संगठन के जागरूक नागरिक मौजूद रहें।

## पंचायतों में नही आ रही राशि, नही हो रहे जरूरी काम

**पिपलियामंडी, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ तहसील सरपंच संघ की बैठक मंगलवार को सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई व मांगों के निराकरण को लेकर शीघ्र भोपाल पहुंच प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम पंचायतों में 15 वें व 5 वें वित्त आयोग की राशि नही आने, सांसद व विधायक निधि नही मिलने, मल्हारगढ़ तहसीलदार द्वारा जरुरतमंदों के बीपीएल कूपन नही बनाए जाने, पात्र हितग्राही को वृद्धा पेंशन नही मिलने, मांगलिक भवन स्वीकृत नही होने, सुदूर सड़क नही बनाए जाने आदि समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। शीघ्र ही समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर भोपाल पहुंचकर प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई। इस अवसर पर बडी संख्या में तहसील की ग्राम पंचायतों के सरपंचगण उपस्थित रहे।

# शासकीय हाई स्कूल में परामर्श शिविर सम्पन्न

**सुवासरा, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** संतुलित और पोषक आहार हमारे शरीर और मन के लिए आधारशिला है। यह न केवल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है, बल्कि हमारी मानसिक क्षमता और ऊर्जा स्तर को भी बनाए रखता है। सही मात्रा में प्रोटीन, विटामिन, खनिज, कार्बोहाइड्रेट और वसा का सेवन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और बीमारियों से बचाव करता है। यह सुझाव स्कूली छात्र- छात्राओं परामर्शदात्री टीना सोनी ने दिया।

शासकीय हाई स्कूल बसई में आयोजित परामर्श शिविर में उन्होंने कहा कि ताजे फल, सब्जियां, अनाज और दालें हमारे आहार का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। जंक फूड से बचें और प्राकृतिक भोजन को प्राथमिकता दें। यह हमेशा याद रखें कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। पोषणयुक्त आहार अपनाएं और जीवन को ऊर्जा और उत्साह से भरपूर बनाएं।

**किशोरों के लिए संचालित उमंग केंद्र**–टीना सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 11 से 19 वर्ष के किशोरों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए संचालित उमंग स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से मंगलवार एवं शुक्रवार को स्कूल, कॉलेज, आंगनवाड़ी एवं छात्रावासों में परामर्श शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस दौरान अस्वस्थ शारीरिक या मानसिक



स्थिति से उन्हें बाहर निकालने के लिए आवश्यक परामर्श दिया जाता है। अस्पताल परिसर में संचालित इस उमंग केंद्र पर कोई भी किशोर संपर्क कर सकता है। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य माणकलाल मांदलिया एवं स्टाफ के अन्य लोग मौजूद रहे।

**सर्दी से बचाव के टिप्स–** परामर्शदात्री टीना सोनी ने छात्र-छात्राओं को सर्दी के मौसम में सेहतमंद रहने के टिप्स देते हुए बताया कि सर्दियों के मौसम में जरा सी लापरवाही भारी पड़ जाती है,इसलिए सजग रहें। गर्म कपड़े पहने पैर, सिर और कान ढककर रखें। रात में कम से कम 6 से 8 घण्टे की नींद लें। गर्म पानी से नहाएं तथा अल सुबह गर्म अथवा ताजा पानी पिएं। हल्दी वाला दूध, हर्बल टी और सूप पियें। विटामिन सी वाले फल और गुड़ खाएं। घी- मक्खन और हरी पत्तेदार सब्जियां खाएं। गले मे खराश होने पर नमक के कुनकुने पानी से गरारे करें। स्कार्फ या फेस मास्क पहनकर नाक और मुंह ढकें। रोजाना सुबह धूप लें।

## प्रांत संगठन मंत्री कौशल का प्रवास सम्पन्न

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल एक दिवसीय प्रवास पर मंदसौर पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन किए उसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार के लिये निर्देश दिए। जिला प्रचार प्रमुख आशीष भाटिया को प्रचार टोली बनाने और



उसके विस्तार को लेकर जिम्मेदारी दी। कहा की आगामी 10 दिवस के भीतर प्रचार टोली का विस्तार करें। जिला सचिव विजय कोठारी को पर्यावरण आयाम को आगे बढ़ाने के लिये एक पर्यावरण की टोली बनाने की जिम्मेदारी दी साथ ही विधि आयाम प्रमुख उमराव सिंह जैन को विधि विशेषज्ञ की नई टोली बनाने की जिम्मेदारी दी। ग्राहक पंचायत की सदस्यता अभियान क़ो भी जल्द से पूर्ण करने का कहा। बैठक में ग्राहक पंचायत के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल, मंदसौर जिलाध्यक्ष नवनीत शर्मा, जिला सचिव विजय कोठारी, विधि आयाम प्रमुख उमराव सिंह जैन, जिला प्रचार प्रमुख आशीष भाटिया, नगर अध्यक्ष सुनील ठाकुर, नगर उपाध्यक्ष शुभम भाटी उपस्थित थे।

# स्काउट गाइड जिला संघ की बैठक सपन्न, अनेक प्रस्ताव हुए पारित

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारत स्काउट गाइड जिला संघ की बैठक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मंदसौर में आयोजित हुई, बैठक की अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त अंशुल भाई बैरागी ने की, मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती दीपिका बैरागी प्रदेश उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड एवं प्रभारी रतलाम मंदसौर नीमच जिला रही, विशेष अतिथि के रूप में जिला गाइड कमिश्नर जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज, रोवर्स कमिश्नर एनडी वैष्णव, मंदसौर विकासखंड अध्यक्ष डॉ आशीष खिमेसरा, महेंद्र सिंह राजपूत, साईं पब्लिक स्कूल के संचालक मोहसिन भाई विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्वप्रथम वाग्देवी सरस्वती और स्काउट गाइड के जन्मदाता बेडन पावेल के चित्र को अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि एवं भारत स्काउट गाइड की प्रदेश उपाध्यक्ष मुख्य अतिथि दीपिका अंशुल बैरागी के महिला बाल विकास विभाग द्वारा किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य मनोनीत करने पर उनका सम्मान किया गया एवं सभी पदाधिकारी ने उनका पुष्प मालाओं शाल श्रीफल से उन्हें सम्मानित किया।

**यह प्रस्ताव पारित–** अगली संभागीय रैली मंदसौर में आयोजित करने हेतु स्थान चयन हेतु समिति गठित, गोल्डन जुबली जंबूरी तमिलनाडु तिरुचिरापल्ली हेतु मंदसौर जिले के मलखंभ का प्रदर्शन हेतु टीम भेजे जाने पर राज्य मुख्यालय का आभार व्यक्त किया गया, गोल्डन जुबली वर्ष पर भारत सरकार ने स्काउट गाइड की जंबूरी में सिक्का जारी किया जिसका राजपत्र में प्रकाशित करने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया गया। प्रत्येक विकासखंड प्रभारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि



दिनांक 8 से 15 के मध्य अपने विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल हायर सेकेंडरी, अशासकिय माध्यमिक हाई स्कूल हायर सेकेंडरी से स्काउट यूनिफॉर्म के डिमांड लेटर प्राप्त कर विकासखंड शिक्षा अधिकारी 16 जनवरी तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे,इस हेतु विकासखंड स्तर पर टीम बनाई गई है जो प्रत्येक शासकीय शासकीय विद्यालय से संपर्क करेगी। द्वितीय सोपान शिविर गरोठ, मल्हारगढ़, भानपुरा में आयोजित किए जा चुके हैं मंदसौर और सीतामऊमें उक्त शिविर आयोजन की रूपरेखा तैयार कर आदेश जारी किया जाए। साइबर अपराधों के बढ़ते मायाजाल को देखते हुए भारत स्काउट गाइड जूनियर रेडक्रास और शासकीय संगठनों से सहारा लेकर साइबर एक्सपर्ट की कार्यशाला आयोजन करने का प्रस्ताव भी पारित किये गये, कार्यक्रम का सफल संरक्षण मंदसौर विकासखंड प्रभारी मनोहर लाल शर्मा, जिला सचिव सलमा शाह द्वारा किया गया।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित–** मल्हारगढ़ ब्लॉक प्रभारी कमल राठौर, अर्जुन सिंह परिहार, वीरेंद्र सिंह शक्तावत, मिश्रीलाल बारोट प्रभु लाल चौहान, गोविंद माधव तिवारी, गोवर्धन लाल पाटीदार, मंदसौर विकासखंड से मनोहर लाल शर्मा, मोहनलाल सिंधी, अशोक कुमार रत्नवत, चेतन दास गनछेड़, कैलाश सूर्यवंशी, मनोरमा बैरागी, चंद्र ज्योति नक्काल,वंदना गंगवाल, माया लचेता,गायत्री शर्माआदि सीतामऊसे शैलेंद्र सिंह पवार, किशोर बैरागी, शामगढ़ गरोठ से मनीष पाटीदार, राजेश पांडे, पीटर भूरिया,गिरधारी लाल भावसार, मंदसौर शर्मा, भानपुरा विकासखंड सैय्यद मजहर अली आदि उपस्थित रहे।

## पीजी कॉलेज मंदसौर की पुरुष हैंडबॉल टीम ने शाजापुर में भाग लिया

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कॉलेज के खेल अधिकारी राजू कुमार ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के खेल कैलेंडर के अनुसार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर(शाजापुर) में संभाग स्तरीय हैंडबॉल पुरुष प्रतियोगितापीजी कॉलेज मंदसौर की पुरुष हैंडबॉल टीम ने सहभागिता की।खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम के उत्कृष्टप्रदर्शन के आधार पर महाविद्यालय के 3 खिलाड़ियों का चयन विक्रम यूनिवर्सिटी की टीम में किया गया जो राजकोट(गुजरात) में होने वाले अखिल भारतीय यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में सहभागिता करेगी।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेल्लारी टीम ने जीता

**दलौदा, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के तत्वाधान मे आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बेलारी की टीम ने जीता शाहिद 11 सोनगिरी की टीम ने फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 174 रन बनाए गए वही जवाब में बेलारी की टीम ने मुकाबले को 15 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। मैच में मेन ऑफ द मैच हिमांशु को दिया गया जिन्होंने 15 बाल पे 50 रन बनाए वही मेन ऑफ द सीरीज का खिताब बेलारी के ऑलराउंडर अल्फेज को दिया गया।

इस क्रिकेट फाइनल के मैच में मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक विपिन जैन, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा दलौदा के नवनिर्वाचित सरपंच प्रतिनिधि दिलिप चंदेल, अनिल भंडारी,अजय रातडिया,गज्जू भंडारी , रतनलाल गूगर, रौनक भटेवरा रहे हैं।



मैच के अंपायर श्याम गुजर , अभिषेक रहे। वही स्कोरिंग का जिम्मा विशाल व्यास व कमेंट्री का जिम्मा आदिल ने संभाला, कार्यक्रम का संचालन श्याम गूगर द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का आभार विश्वप्रताप सिंह भाटी(विकी) द्वारा किया गया। अतिथि का स्वागत मॉर्निंग क्रिकेट क्लब दलौदा के आयोजन करता काला भाई राठौर,रईस भाई मेव, ऐजाज खान, विश्वप्रताप सिंह भाटी (विकी) द्वारा व मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के सभी साथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक विपिन जैन द्वारा स्वच्छता मित्रों का भी सम्मान किया गया।

# लोकमाता अहिल्याबाई कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ

**मनासा, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** सेवा भारती मनासा द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ बालमंदिर घाटी मोहल्ला मनासा में किया गया,

कौशल विकास केंद्र में सेवा बस्तियों से चयनित माताओं और बहनों को नि:शुल्क मेहंदी और सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें स्वावलंबी बना सके, शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रविन्द्र मालवीया (मालवा



प्रांत संगठन मंत्री सेवा भारती), मुख्य अतिथि महेश झवर वरिष्ठ समाजसेवी, मनासा खंड संघचालक अनिल सोनी, मंदसौर विभाग सेवा प्रमुख नारायणसिंह राठौड़ एवं उपसमिति के जिले से पालक डॉ स्वप्निल वधवा उपस्थित रहे, रविन्द्र मालवीया ने देश भर में चल रहे सेवा कार्यों को बताते हुए नगर में भी कैसे कौशल केंद्र संचालित किया जाएगा इस बारे में बताया और इस प्रकल्प को आगे बढ़ाने हेतु प्रकाश डाला, कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर नागदा ने किया, समिति के लक्ष्य एवं उद्देश्य विनोद झंवर ने बताए एवं आभार रमेश सोनी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर की स्वयंसेवी संस्थाएं, वरिष्ठसमाजसेवी, समिति के सदस्य, मातृ शक्ति एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दशपुर रंगमंच ने गीतों से सजा संगीत समारोह आयोजित किया

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** नगर की सांस्कृतिक संस्था दशपुर रंगमंच मंदसौर द्वारा ललिता मेहता की जन्मदिन के उपलक्ष्य में संगीत समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में आबिद भाई के गाये गीत खुदा भी जब आसमां से जब जमीन पर देखता होगा से हुई। सतीश सोनी ने गीत ए दिल लाया है बहार, अपनो का प्यार सुनाया। डॉ. आकांक्षा त्यागी ने ओहरे ताल मिले नदी के जल में गाया। डॉ. निलेश त्यागी ने रूमानी मौसम में ये शाम मस्तानी, मदहोश किये जाये सुनाया। नरेन्द्र सागोरे ने चांद सितारे फूल और खुशबू को बखूबी प्रस्तुत किया। डॉ. महेश शर्मा ने तेरा मेरा साथ रहे गाया। हिमांशु वर्मा ने आज मैं उपर आसमा नीचे सुन्दर रूप से प्रस्तुत किया। श्याम गुप्ता ने ललिता मेहता के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बधाई जन्मदिन की हमारी सुनाकर शुभकामनाएं दी। योगेश गोविन्दानी ने गीत ये दुनिया से महफील मेरे काम की नहीं सुनाकर संगीत संध्या को आगे बढ़ाया। लोकेन्द्र पाण्डे ने गीत हमे तुमसे मोहब्बत है , स्वाती रिछावरा ने रजनी गंधा फूल तुम्हारे व सिमरन ने मुझको हुई न खबर सुनाया। संचालन सतीश सोनी ने किया व आभार अभय मेहता ने माना।

## श्री राम जन्मभूमि मंदिर की पहली वर्षगांठ प्रतिष्ठा द्वादशी सम्पूर्ण देश में उत्साह के साथ भव्य रूप से मनाई जाए–पाण्डेय

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्री रामलला सरकार के श्री विग्रह की प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पौष



शुक्ल द्वादशीदिनांक 11 जनवरी 2025 को देशभर में अत्यंत उत्साह के साथ भव्यता के साथ मनाई जाएगी। इस आयोजन को प्रतिष्ठा द्वादशी कहा जाएगा। प्रतिष्ठा द्वादशी संपूर्ण देश के नागरिकों को श्रद्धा और उल्लास से मनाना चाहिए।

कारसेवक व धर्मसेवी रविन्द्र पाण्डेय ने समस्त सनातन भारतियों से यह आव्हान करते हुए कहा कि भारत में जितने भी नागरिक निवास करते हैं वह सभी प्रभु श्री राम के वंशज हैं। आज से लगभग 16 सौ वर्ष पहले देश में रहने वाले सभी हिंदू थे और वह रामजी के है वंशज हैं। विदेशी आक्रांताओं ने देश पर आक्रमण किया, घुसपैठ की और हमारे ही बंधुओं का धर्म परिवर्तन कर दिया।

संस्कृति सबकी एक चिरंतन खून रगों में हिन्दू है
विराट सागर समाज अपना हम सब इसके बिंदु हैं ।।
है विराट सागर समाज अपना हम सब इसके बिंदु है।

भगवान राम श्री हरि विष्णु के अवतार हैं. आदर्श पुरुष और मर्यादा पुरुषोत्तम है. उन्होंने राजपाट छोड़ 14 साल वनवास में फिर भी एक श्रेष्ठराजा हैं क्योंकि उन्होंने सत्य, दया, करुणा, धर्म और मर्यादा के मार्ग पर चलते हुए राज किया। वे आदर्श पुरुष थे और उन्होंने अपने आचरणों से हर किसी के लिए एक उदाहरण स्थापित किया। वे सत्य, दया, करुणा, धर्म, और मर्यादा के मार्ग पर चलते हुए राजा थे। वे ईश्वर होते हुए भी मानव का रूप रचकर मानव जाति को मानवता का पाठ पढ़ाया। श्रीराम ने, त्याग का एक आदर्श स्थापित किया उन्होंने मनुष्य के



जीवन में आने वाले सभी संबंधों को पूर्ण तथा उत्तम रूप से निभाने की शिक्षा दी वे सहनशीलता और धैर्य की परकाष्ठा का विशेष गुण रखते थे। उनका प्रेम, त्याग और समर्पण उनके भाइयों लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के प्रति अत्यधिक था। उन्होंने हमेशा अपने गुरु वशिष्ठकी आज्ञा का पालन किया। वे न्याय और नेतृत्व के सर्वोच्च प्रतीक थे। श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रतिष्ठा उत्सव मनाने के लिए हम सभी को ऐसे गरिमामय आयोजन करना चाहिए जिसमें पुलिस प्रशासन को कानून व्यवस्था की चिंता नहीं करना पड़े। इसके लिये प्रतिष्ठा द्वादशी पर सभी मंदिरों को साज सज्जा कर आकर्षक रूप से सजाया जाए। घरों में दीप जलाये जाये। साथ ही भगवान राम के आदर्श को लेकर हम अपने जीवन व चरित्र में उतारे।

# सुरक्षा सैनिक भर्ती कैंप जपं मल्हारगढ़ में आज

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं म. प्र. के राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा सैनिक के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन08 जनवरी 2025 को जनपद पंचायत मल्हीरगढ में, 09 जनवरी 2025को जनपद पंचायत सीतामऊमें, 10 जनवरी 2025को ग्राम पंचायत दलोदा में, 11 दिसम्बर 2024 को जनपद पंचायत भाभरा में, 10 जनवरी 2025 को जनपद पंचायत गरोठ में, 13 जनवरी 2025 को जनपद पंचायत भानपुरा में, 14 जनवरी 2025 जनपद पंचायत मंदसौर में, जिले में 6 दिवासिये भर्ती शिवरो का अयोजन किया जा रहा है सुबह 11बजे से शाम 3:00 बजे तक किया जायेगा।

जिसमें इन चयनित युवाओं को नीमच में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नोकरी दी जाएगी औद्योगिक क्षेत्रों में जैसे दिल्ली का लाल किला, ग्वालियर का किला,इंदौर, पीथमपुर, भोपाल, मंडदीप, दैनिकभास्करआफिस रतलाम, उज्जैन महाकाल मंदिर, धार की गुफाये, खजुराहो का मंदिर, राम मन्दिर आयोध्या, सांची स्तूप, आगरा का ताजमहल,ग्वा,लियार का किला, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक आदि गुजरात म.प्र. में14000 से 18000 की सैलरी पर रखा जाएगा। सुविधा: पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, मेडिकल, वेतन वृद्धि,प्रमोशन, इंश्योरेंस एवं दो बच्चों की पढ़ाई अंतरराष्ट्रीय स्तर के आईपीएस स्कूल देहरादून में करवा सकते हैं। इच्छुक बेरोजगार जिनकी योग्यता 10वीं पास, उम्र 19 से 40 वर्ष, उंचाई 168 सेंटीमीटर हो वे उक्त स्थानों में 10 वीं की अंकसूची की फोटो कॉपी दो फोटो एवं चयनित अभ्यार्थियों रजिस्ट्रेशन शुल्क 350/ रुपए प्रोस्पेक्ट फार्म का देना होगा online QR code se अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ssciindia. com पर या मोबाइल नंबर 6261092834 पर सम्पर्क कर सकते है।

## पिता-पुत्र पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिसने केदर्ज किया। मिण्डलाखेड़ा निवासी सत्यनारायण पाटीदार ने पिपलिया चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोस में रहने वाले जगदीश पाटीदार व उसके बेटे गोपाल ने पाइन लाइन के ढक्कन लगाने की बात पर विवाद किया। दोनों ने बोला कि ढक्कन लगाकर तून अच्छा नही किया व लकड़ी से पीटा। पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 84 लोगों की सुनी समस्याएं

**नीमच, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजस्वर अधिकारी कृषि भूमि के बंटाकन कार्य प्राथमिकता से करें। यहक निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को जनसुनवाई में रतनपुरा मनासा के नानालाल पिता गंगाराम के आवेदन पर तहसीलदार रामपुरा को दिए। नानालाल ने तहसीलदार द्वारा कृषि भूमि बंटाकन आदेश जारी करने के बाद भी बंटाकन नहीं करने की शिकायत कलेक्टर से की। इस पर तहसीलदार को बंटाकन करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में गिरदौड़ा के वरदीचंद धनगर ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने और बच्चों की स्कूल फीस माफ करवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कंजार्डा के मनोज राठौर ने ड्रोन सर्वे में उसके आवासीय



पट्टा क्रमांक 893 पर अन्य व्यक्ति का नाम दर्ज हो जाने पर त्रुटी सुधार करवाने, सरवानिया महाराज के वासुदेव दर्जी ने भूखण्ड का कब्जा और आम रास्ते का कब्जा दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए 84 लोंगो की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर व जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में रामपुरा के ग्राम थनेड़ के मोहन, भेरूलाल, नंदलाल, बंगला नम्बजर 59 नीमच की संतोष, भोलाराम, नीमच के रविकांत, रेवली देवली के हीरालाल, सोनियाना के राजमल, रावणरूण्डी के संतोष, संजू एवं दीपक, जवाहर नगर नीमच के शशिकांत पाराशर, सनावदा के सम्पातलाल, नीमच सिटी के सज्ञनलाल, लुमडी की निर्मलाबाई, यादवमण्डी के नानुराम, बिसलवास कलां के नाथुलाल, रायसिंहपुरा के श्यामसिह, भादवामाता के गोपाल पोरवाल, दीपक नागदा, दडौली के कन्हैयालाल, जनकपुर की सोनाबाई, बंगाली कॉलोनी ग्वालटोली के कमल प्रजापति, सरवानिया महाराज की सुमन कुंवर आदि ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याएं सुनाई।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 23 | 2201 | 2500 |
| उडद | 97 | 5200 | 6399 |
| सोयाबीन | 4000 | 4050 | 4365 |
| गैहु | 1562 | 2975 | 3255 |
| चना | 96 | 5200 | 6400 |
| मसुर | 34 | 2500 | 5151 |
| धनिया | 44 | 6070 | 7414 |
| लहसुन | 11000 | 11000 | 27000 |
| मैथी | 404 | 3501 | 5791 |
| मुंगफली | 1012 | 3900 | 5220 |
| अलसी | 656 | 5970 | 6126 |
| सरसो | 115 | 4400 | 5711 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 30 | 8000 | 12601 |
| प्याज | 14000 | 811 | 2351 |
| कलोंजी | 16 | 14401 | 16981 |
| तुलसी बीज | 2 | 15000 | 16000 |
| डॉलर | 2 | 4401 | 10601 |
| तिल्ली | 97 | 9625 | 12372 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 5 | 6100 | 6100 |
| असालीया | 6 | 12880 | 12880 |
| किनोवा | 47 | 3211 | 3475 |

# निजी विश्वविद्यालयों की जांच के लिए यूजीसी ने दी राज्य सरकार को सख्त हिदायत

**भोपाल, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में निजी विश्वविद्यालयों को लेकर गंभीर शिकायतें सामने आने के बाद विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने राज्य सरकार को इनकी जांच करने के निर्देश दिए हैं। यूजीसी ने इस संबंध में मध्य प्रदेश के उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर सभी आरोपों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।



नेमीचंद राठौर

शिकायतों के अनुसार, राज्य के निजी विश्वविद्यालयों में फर्जी स्टाफ की नियुक्ति, अयोग्य कुलपति, और डिग्रियां बेचने जैसी अनियमितताएं हो रही हैं। यह मामला तब और गंभीर हुआ जब भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने दिल्ली में यूजीसी से मिलकर इन अनियमितताओं की शिकायत की। परमार की शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि निजी विश्वविद्यालय राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों और कानूनों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके चलते छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

**यूजीसी का पत्र**–यूजीसी ने अपने पत्र में साफ तौर पर लिखा है, 'जैसा कि आपको ज्ञात है, विश्वविद्यालयों की स्थापना राज्य सरकार द्वारा दी गई अनुमति के आधार पर होती है। ऐसे में उनकी गतिविधियों का संचालन राज्य सरकार के बनाए गए नियमों, अधिनियमों, और उपनियमों के तहत होना चाहिए। विश्वविद्यालयों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही करने का अधिकार राज्य सरकार के पास होता है। अत: इस मामले में कार्रवाई कर अपनी टिप्पणी यूजीसी को भेजें।'।

**राज्य सरकार की भूमिका**–मामला सामने आने के बाद राज्य सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। इस संबंध में विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो और दोषी विश्वविद्यालयों पर कार्रवाई की जाए।

**एनएसयूआई का आरोप**–एनएसयूआई नेता रवि परमार ने कहा, 'यह मुद्दा केवल छात्रों के हितों का नहीं है, बल्कि यह पूरे उच्च शिक्षा प्रणाली की साख से जुड़ा है। निजी विश्वविद्यालय डिग्रियां बेचकर शिक्षा का व्यवसायीकरण कर रहे हैं। हम तब तक शांत नहीं बैठेंगे जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती।' ✻

**आगे की प्रक्रिया**–अब यह देखना होगा कि राज्य सरकार इस मामले में कितनी तत्परता दिखाती है। यूजीसी ने मामले को लेकर स्पष्ट किया है कि जांच के नतीजों पर राज्य सरकार को अपनी प्रतिक्रिया शीघ्र ही आयोग को भेजनी होगी।

**शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल**–इस घटना ने मध्य प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह निजी विश्वविद्यालयों में फैले भ्रष्टाचार और अराजकता का एक बड़ा उदाहरण होगा। छात्रों और उनके अभिभावकों की नजरें अब राज्य सरकार और यूजीसी की इस कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## चोर ताला तोड़कर ले उड़े लाखों के जेवर व नकदी, पुलिस जांच में जुटी

**पिपलियामंडी, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** गांव लसुड़िया राठौर में चोर सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी। लसुडिया राठौर निवासी शैलेन्द्रसिंह पिता दिलीपसिंह राजपूत ने पिपलिया थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे भीलवाड़ा ससुरजी के गमी में शामिल होने परिवार के साथ गए थे। इस दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दिया। घर के सामने अलग मकान में रह रहे दादाजी जीतसिंहजी का सुबह मोबाइल कॉल कि घर का ताला टूटा हुआ है, तो मैं भीलवाड़ा से दोपहर 1 बजे घर लसुड़िया राठौर पहुंचा। घर का सामान अस्त-व्यस्त था। खुली पड़ी सेफ में रखे सोने के 2 हाथ फूल, एक हार, एक झुमकी, अंगूठिया कुल 10 तोला सोने के जेवर एवं 200 चांदी के सिक्के, दो जोड़ी पायजेब कुल सात सौ ग्राम चांदी व 30 हजार रुपए नकदी नही थे। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया। चौकी प्रभारी रितेश नागर ने बताया मामले में जांच की जा रही है, चोरों को पकड़ने के प्रयास जारी है।



# कलेक्टर ने गुराड़ियाप्रताप, धामनिया, धलपट में बागवानी मिशन के खेतों का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने ग्राम गुराडिया प्रताप में प्राकृतिक तरीके से निर्मित की जा रही जैविक खाद के बारे में किसान से विस्तार से जानकारी ली। किसान केंचुए खाद का प्राकृतिक तरीके से निर्माण किया जा रहा है। जिसे देशी केंचुए का उपयोग किया जा रहा है। यह केंचुए गर्मी सहन कर सकते है। गोबर और मिट्टी दोनों खाते है। कम खर्चे में खाद तैयार हो जाती है।

किसान द्वार अरहर की देशी किस्म की खेती की जा रही है। उसके पश्चात बागवानी मिशन के अंतर्गत किसान द्वारा की जा रही अमरूद के खेत देखे। वहीं पर तरह-तरह के पौधे से निर्मित जंगल भी देखा। गुराडिया प्रताप में ही किसान मोहनलाल ने आचार्य विद्यासागर योजना के माध्यम से भैंस खरीदी और अपना डेयरी का उद्योग स्थापित किया। किसान मोहन लाल से कलेक्टर ने संवाद किया। ग्राम धलपट में किसान जितेंद्र पाटीदार द्वारा 22 बीघा में तरह-तरह की बागवानी मिशन के तहत अमरुद, सीताफल, बैर की खेती की जा रही है। किसान से कलेक्टर ने चर्चा की। शासन की किन-किन योजनाओं का लाभ बागवानी मिशन के तहत किसान को मिला है। इस संबंध में कलेक्टर ने किसान से पूरी जानकारी ली और अपनी खेती बाड़ी को और विस्तारित रूप देने के लिए प्रोत्साहित किया। सड़क निर्माण चौड़ीकरण कार्य का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। सड़क निर्माण चौड़ीकरण के अंतर्गत सुवासरा, शामगढ़, गरोठ, भानपुरा तक 5 मीटर से 10 मीटर सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 2026 तक पूर्ण होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पोल शिफ्टिंग सहित अन्य सभी कार्य तीव्र गति से करें। इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम धामनिया में ही शामगढ़ सुक्ष्म सिंचाई परियोजना अंतर्गत किसान के खेत पर सिंचाई के लिए गए दिए गए पॉइंट का देखातथा किसानों को पाइपलाइन के संबंध में आने वाली समस्या को सुना। तत्पश्चात कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को समस्या का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि साथ ही सुवासरा क्षेत्र में पाइपलाइन कितनी गहराई में डाली गई है। इस संबंध में चेक करें और किसानों को समस्या है तो उसको दूर करें। कलेक्टर ने ग्राम लदुना में वेदांक मसाला उद्योग का निरीक्षण किया। यह उद्योग उद्यानिकी विभाग की योजना पीएफएमई का लाभ लेकर श्री दिलीप लोहार द्वारा स्थापित किया गया। योजना के माध्यम से 28 लाख का लोन लिया। इस उद्योग के माध्यम से धनिया, हल्दी, मिर्च मसाला का ये व्यापार करेंगे।

## बाइक के आगे आया रोजड़े का बच्चा, कांग्रेस नेता घायल

**पिपलियामंडी, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक के आगे रोजडे का बच्चा आने से कांग्रेस नेता अनिल शर्मा घायल हो गए, जो उपचार के बाद अब स्वस्थ है। जानकारी के अनुसार ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा मंगलवार को दोपहर बरखेड़ापंथ से खात्याखेड़ी मार्ग होकर पिपलिया आ रहे थे, इस दौरान रोजड़े का बच्चा अचानक बाइक के आगे आ गया, जिससे शर्मा बाइक सहित नीचे गिर गए। उनके सिर, हाथ पर चोंटे आई। जांच के दौरान हाथ में फेक्चर आने पर उनका नीमच में उपचार कराया।

## पिता ने पुत्र को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** पिता ने पुत्र को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। अम्बाव निवासी सुनील बावरी ने पिपलियामंडी पुलिस थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं मां के साथ रहता हूं, पिता रमेश बावरी हमसे अलग रहते है। रास्ते में पिता ने अलग रहने का कारण पूछा तो मैंने गालियां देने की बात कही। इस बात पर पिता ने लट्ठ से पीटा, जिससे हाथ, पीठ, पैर पर चोंटे आई। पुलिस ने पिता पर केस दर्ज किया।

## बाइक की टक्कर से दो घायल

**पिपलियामंडी, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** बाइक की टक्कर से काका-भतीजे घायल हो गए। पुलिस ने केस दर्ज किया। पित्याखेड़ी निवासी भारत राव ने नाहरगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि गांव में राममंदिर के सामने (एमपी 14 एनआई 2928) पर सवार कमल पिता रायसिंह बंजारा ने मुझे व मेरे भतीजे को टक्कर मार दी, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने बाइक सवार पर केस दर्ज किया।

### प्रेस क्लब कुकड़ेश्वर ने उठाई जनहितैषी आवाज, पत्रकार उतरे मैदान में...

# सीएम राईज स्कूल बने नगर की सीमा में

**नीमच, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** वर्तमान में मध्य प्रदेश के नीमच जिले के मनासा विधान सभा क्षेत्र के नगर कुकडेश्वर में लगभग 20 हजार की आबादी है। वंही नगर में शासकीय बालक व कन्या हायर सेकंडरी स्कूल संचालित है।

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व मध्य प्रदेश सरकार के प्रयासों से कुकडेश्वर नगर को शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने हेतु, सीएम राईज स्कूल की स्वीकृति कुकडेश्वर नगर में प्रदान की गई है। जिसको लेकर भूमि आवंटन हेतु कुकडेश्वर नगर की सीमा में कई हेक्टेयर शासकीय भूमि उपलब्ध है। जंहा पर कुकडेश्वर नगर में सीएम राईज स्कूल आसानी से बनने योग्य है। इसके उपरांत भी कुकडेश्वर नगर से लगभग 7 किमी दूरी पर व ग्राम पंचायत फुलपुरा के मजरा गांव जूनापानी में सीएम राईज स्कूल भवन बनाने की जानकारी सामने आ रही है। जो कि पूर्णत: जनविरोधी है। अगर जूनापानी में सीएम राईज स्कूल भवन बनता है तो कुकडेश्वर नगर के हजारों बच्चों को 7 किमी दूरी पर अध्यापन हेतु जाना पड़ेगा। जिससे आवागमन साधन भी ज्यादा लगेगा। जो कि मप्र सरकार के लिए व्यर्थ का व्यय है। जबकि कुकडेश्वर नगर में सीएम राईज स्कूल भवन बनने से आवागमन साधन की आवश्यकता नही लगेगी।

वंही ग्राम जुनापानी मे जिस स्थान पर सीएम राईज विद्यालय बनने की योजना है, वो जगह उंस वाली (दलदल) वाली भूमि है, जो कि इतने बड़े स्कूल व भवन निर्माण के लिए उपरोक्त भूमि अयोग्य है। कुकडेश्वर नगर व क्षेत्र के हजारो आमजन की भावना व धरातलीय सत्यता को देखते हुए, कुकडेश्वर नगर के नाम से स्वीकृत सीएम



राईज स्कूल भवन, कुकडेश्वर नगर की सीमा के भीतर ही बनाया जाकर, हजारो लोगो की भावना व हजारो बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए कुकडेश्वर नगर की सीमा में ही बनाया जाना उचित है। उपरोक्त जनहितैषी व जनकल्याणकारी विषय को लेकर 'प्रेस क्लब कुकडेश्वर' के संरक्षक कैलाश राठौर, हरिशंकर राठौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष गोपालदास बैरागी, उपाध्यक्ष लोकेश मोदी, सचिव महेश मोनू मोदी, कोषाध्यक्ष सोनू शास्त्री व प्रेस क्लब के सदस्य प्रजापालसिंह हाड़ा, प्रदीप मौर्य, मोहित मोदी, राजेन्द्र भट्ट, अजय सेन ने प्रेस क्लब कुकड़ेश्वर के माध्यम से मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, शिक्षा मंत्री, नीमच जिला कलेक्टर, एस.डी.एम. मनासा के नाम प्रेस क्लब सदस्यों ने उपस्थित होकर ज्ञापन नवीन छलोत्रे (नायब तहसीलदार कुकडेश्वर) व नीमच जिला कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा को नीमच जनसुनवाई में सोंपा है व ज्ञापन में विनम्र अनुरोध किया है कि शासन प्रशासन उपरोक्त विषय पर चिंतन करते हुए उच राईज स्कुल कुकडेश्वर में ही तय कर, हजारो जन को उचित न्याय प्रदान करने का ज्ञापन में आग्रह किया है। प्रेस क्लब कुकड़ेश्वर ने आग्रह के साथ निवेदन किया है कि उक्त सीएम राईज स्कूल भवन कुकडेश्वर नगर की सीमा में बनाया जाए। अन्यथा जनहित व छात्रहित मे 'प्रेस क्लब कुकडेश्वर' मजबूरन उपरोक्त विषय को लेकर चरणबद्ध तरीके से धरना प्रदर्शन, विरोध प्रदर्शन करने हेतु बाध्य होगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की रहेगी।

# 10वीं में 75 और 12वीं में 80 अंक के होंगे सभी पेपर

### दो नंबर वाले सवाल ज्यादा पूछे जाएंगे, स्कूलों में सैंपल पेपर से तैयारी के निर्देश जारी

**भोपाल, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में डेढ़ माह का समय शेष है। ऐसे में माशिमं ने प्रश्नो का पैटर्न वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इसमें अंक योजना के साथ-साथ हर प्रश्न के पैटर्न की जानकारी दी गई है।

प्रत्येक विषय के प्रश्नों का पैटर्न और अंक योजना को अपलोड किया गया है। इसमें 10वीं के प्रत्येक विषय का पेपर 75 अंक और आंतरिक मूल्यांकन 25 अंक का होगा। वहीं, 12वीं का नॉन प्रैक्टिकल विषयों का 80 अंक और आंतरिक मूल्यांकन 20 अंक का होगा। वहीं, प्रायोगिक विषयों का पेपर 70 अंक का होगा और 30 अंक का प्रैक्टिकल होगा। इस बार दोनों कक्षाओं के दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के बदले दो अंकों की लघु उत्तरीय प्रश्नों की संख्या ज्यादा होगी। वस्तुनिष्ठ प्रश्न 30 अंक के होंगे। स्कूलों में सैंपल पेपर से तैयारी कराने के निर्देश दिए गए हैं। 10वीं व 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं 16 जनवरी से आयोजित की जाएंगी। स्कूलों में सैंपल पेपर से तैयारी कराई जा रही है। अभी छमाही परीक्षा के आकलन के बाद विशेष कक्षाएं लगाई जा रही हैं। प्री-बोर्ड परीक्षा के दिन भी कक्षाएं लगाकर सवाल हल कराए जाएंगे।

**इनका कहना...**

10वीं और 12वीं के सभी विषयों के सैंपल पेपर और अंक योजना अपलोड कर दी गई है। स्कूलों में इसी अनुसार तैयारी करवाई जा रही है।

**केडी त्रिपाठी**
**सचिव, माशिमं भोपाल**



## श्री बड़े बालाजी मंदिर पर रामरसोड़े का शुभारंभ

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री बड़े बालाजी मंदिर परिसर में श्री बड़े बालाजी मंदिर के संस्थापक परम श्रद्धेय स्व. श्री पं. रामनारायण शर्मा की पुण्य स्मृति में 7 जनवरी, मंगलवार को रामरसोडे का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, समाजसेवी मिलिंद जिल्हेवार, शांतिलाल गांधी, प्रद्युम्न शर्मा, नवीन जोशी, राजेश गुर्जर आदि अतिथियों ने उपस्थित दरिद्र नारायण को भोजन प्रसादी वितरण किया।

इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन देते हुए मंदिर समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा के कहा कि पंडित रामनारायणजी शर्मा के मंदसौर नगर के लिये प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने मंदसौर नगर में धर्म का घर-घर में प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता लेकिन उनकी स्मृति को चिर स्थाई बनाये रखने के लिये मंदिर समिति ने बाबूजी स्व. रामनारायण जी शर्मा की स्मृति में भोजन वितरण वितरण का कार्य प्रारंभ कर उनकी सेवा का नया अध्याय शुरू किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत मंदिर समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, प्रवक्ता रवि ग्वाला, सदस्यगण विनय दुबेला, नरेश चंदवानी, दिनेश जोशी (ॐ शांति), अनिल कियावत, चौथमल शर्मा, सज्जनलाल खमेसरा, नारायण पालीवाल, अनिल सुराह, महेन्द्रसिंह सिसौदिया, हेमन्त सुरा, शिवशंकर सोलंकी, कपिल सोलंकी, राजाराम तंवर, जीवनलाल गोसर, वरदीचंद कुमावत, मुन्ना बेटरी, विनोद रूनवाल आदि ने किया।

## खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर सख्त कार्यवाही की जाए- चंद्रा

**नीमच, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर सख्ती की जाए। ट्रेक्टर ट्राली के माध्यम से किए जा रहे अवैध खनिज परिवहन एवं ओव्हर लोडिंग के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में खनिज, आबकारी, खाद्य सुरक्षा, खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी एवं औषधी निरीक्षक की संयुक्त बैठक में विभागीय समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसोदिया एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज अधिकारी को अवैध उत्खनन एवं रैती के अवैध परिवहन पर कार्यवाही तेज करने और अवैध उत्खननकर्ता एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए प्रकरण बनाने के निर्देश दिए। उन्होने कहा, कि जिला खनिज अधिकारी नवीन गौण खनिज खदानों के लिए स्थान चिन्हित कर नवीन खदानो के प्रस्ताव तैयार कर एक माह प्रस्तुत करें। साथ ही वर्तमान सभी खदानों का भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि ट्रेक्टर ट्राली के माध्यम से शहर में अवैध रूप से रैती का परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही कर ट्रेक्टर ट्रालियों से अवैध खनिज परिवहन बंद करवाएं। बैठक में मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत की जा रही जाँच कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा में कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे जिले में संचालित होटल, रेस्टोरेंट, भोजनालय एवं कैफे का समय-समय पर निरीक्षण एवं जांच कर, यह देखे, कि उनमें गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलबध कराई जा रही है या नहीं? यदि किसी संस्थान में खाद्य सुरक्षा से संबंधित मानकों को पालन नहीं किया जा रहा हो, तो संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने नापतोल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे बाट एवं माप अधिनियम के तहत नापतोल उपकरणों का सत्यापन सुनिश्चित करें और समय-समय पर दुकानों, संस्थानों पर नापतोल उपकरणों की जाँच करें। बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर.एन.दिवाकर, जिला खनिज अधिकारी श्री आरीफ खान, सहायक जिला खनिज अधिकारी श्री गजेन्द्र डाबर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने सुवासरा तहसील कार्यालय में जनसुनवाई कर आवेदकों की समस्याएं सुनी

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने सुवासरा तहसील कार्यालय में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित कर आवेदकों की समस्यायों को सुना तथा मौके पर निराकरण किया। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतो का समय सीमा में निराकरण करें। जनसुनवाई के दौरान 144 आवेदन प्राप्त हुए। जिनका समय सीमा निराकरण करने का निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई के साथ-साथ सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण के लिए भी शिविर लगाए तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत और वॉर्ड में जनकल्याण अभियान के अंतर्गत लगातार शिविर लगाए तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करें। ग्राम पंचायत में सचिव एवं सहायक सचिव मुख्यालय पर रहे तथा किसानों के आधार लिंक करने, फॉर्मर आईडी बनाने, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समाधान करें। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, सीतामऊएसडीएम, सभी जिलाधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# खाद्य पदार्थो के अमानक पाए गए नमूनों के आधार पर प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करें-चंद्रा

### चायनीज माझे की बिक्री पर रोक लगाए, जिला अधिकारियों को बैठक में दिए निर्देश



**नीमच, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लिए गए नमूनों की प्राप्त जाँच रिपोर्ट के आधार पर अमानक पाए गए खाद्य पदार्थो पर संबंधित संस्थानों, दुकानों के विरूद्ध प्रकरण तैयार कर, सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत करें। साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी जानकारी का पत्रक तैयार कर, प्रस्तुत करें, कि उन्होने किन-किन संस्थानों से किस तिथि को नमूने लिए और किस दिनांक को लैब से जाँच रिर्पोट प्राप्त हुई। कौन सी रिर्पोट अमानक, मानक पाई गई और यदि कोई अमानक रिर्पोट प्राप्त हुई है, तो उस आधार पर किस दिनांक को केस दर्ज किया गया है। इसकी जानकारी का पत्रक तैयार कर अगली टीएल में प्रस्तुत करें।

कलेक्टर ने सिंगोली के सर्वे नम्बंर 441/1, 441/3 पर की गई संपत्ति की रजिस्ट्री की विस्तृत जाच कर, प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जिला पंजीयक जिला नीमच को दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि उक्त सर्वे नम्बर पर यदि गलत जानकारी के आधार पर बिक्री रजिस्ट्री हुई हो, तो रजिस्ट्री किसने की और किस आधार पर की, नामांतरण किसने और कैसे किया तथा इससे शासन को कितनी आर्थिक हानि हुई। इस संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जिला पंजीयक को दिये गए। कलेक्टर ने चायनीज माझा की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए एसडीएम को तहसीलदार के माध्यम से जाँच कर, संबंधित दुकानों के विरूद्ध कार्यवाही करने और चायनीज माझा की जप्ती करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टंर ने कहा कि सभी एसडीएम सुनिश्चित करे, कि उनके क्षेत्र में चायनीज माझा की बिक्री ना हो। कलेक्टर ने जिले में संचालित सभी 108 एम्बुलेंस वाहनों के फिटनेस को चेक करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। उन्होने कहा, कि सभी एम्बुलेंस वाहन अच्छी हालत में हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

**दिव्यांग शिविरों में 780 दिव्यांगजन लाभांवित:-** बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान एवं सुशासन अभियान के तहत अब तक जिले में आयोजित किए गए दिव्यांग शिविरों में 780 दिव्यांगता प्रमाण मेडिकल बोर्ड द्वारा बनाकर दिव्यांगजनों को लाभांवित किया गया है। साथ ही बस यात्रा पास एवं रियायती रेल्वे पास भी प्रदान किए गए है। जावद में 8 जनवरी 2025 को दिव्यांग शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसी तरह सिंगोली में 15 जनवरी 2025 को दिव्यांग शिविर आयोजित किया जावेगा। कलेक्टर ने जन कल्याण अभियान के तहत सफल दिव्यांग शिविरों के आयोजन की सराहना की। बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# पावनता आत्मशांति का निर्माण करती है बस श्रद्धा चाहिए-आचार्य रामानुज जी

**मंदसौर, 07 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राम से मिलना है तो मन की समस्त कामनाओं से बाहर निकलना पड़ता हैं। ईश्वर तो है, परमात्मा तो है लेकिन उनसे पूछा जा रहा जिन्होंने इस मार्ग को देखा ही नही है। लेकिन जिसके हृदय में राम रहते हैं वे तो चलते फिरते मंदिर बन जाते हैं। इसलिए कोई साधु मिल जाये तो उनकी राह पकड़ कर किसी तीर्थ में स्नान कर लेना तो पुनर्जन्म की यात्रा से पार हो जाओगे।



यह बात श्री हरिकथा आयोजन समिति द्वारा आयोजित श्री रामकथा के चतुर्थ दिवस व्यास पीठ पर विराजित होकर आचार्यश्री रामनुजजी ने कही। चतुर्थ दिवस की कथा में भगवान श्री राम का जन्म हुआ इस अवसर पर बधाइयां बाटी गईं। आपने कहा कि जब तक सद्गुरु की शरण ना मिले तब तक साधक का कोई मोल नही है। लेकिन जब वह साधक गुरु के चरण कमल उठा लेता है तब वह बेमोल का व्यक्ति मूल्यवान बन जाता है। गुरु की चरण रज ब्रह्मामण्ड के श्रेष्ठ वैभव भी सहजता से दिला देती है। सद्गुरु की पादुका में लगी रज सद्गुरु की कृपा की भमुत होती है वही कुबेर का खजाना होता है। वह विभूति जब प्राप्त हो तब व्यक्ति को विनम्र, सहज होना चाहिए, उसके चेहरे पर मुस्कराहट होनी चाहिए। क्योकि सद्गुरु वह शक्ति है जो परमात्मा के वैभव को भी हमारे लिए उतार कर लें आते हैं। आपने कहा किसी मंदिर या किसी साधु के पास जाने के बाद व्यक्ति अपना लहजा बदल लें तो वह पार हो जाता है। लहजा और चरित्र को बदलने के लिए ही कथा होती है यदि चरित्र बदल जाये तो समझना राम से मिल लिए। पावनता आत्मशांति का निर्माण करती है बस श्रद्धा चाहिए। जीवन मे यदि किसी के सामने झुकने का मन हो तो अपने लिए सोचने का काम उस सद्गुरु के लिए छोड़ दीजिए व्यक्ति सद्गुरु से वैभव को प्राप्त करने बाद सदमार्ग की और बढ़ता है। 21 कन्याओ के विवाह और रामकथा के आयोजन की जानकारी समिति अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने दी। संचालन वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, लोकेश पालीवाल ने किया।

**पूर्व विधायक सिसोदिया का किया सम्मान**– चतुर्थ दिवस की कथा में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसोदिया भी उपस्थित हुए। व्यास पीठ पर विराजित आचार्य श्री रामानुजजी ने श्री सिसोदिया का शाल श्रीफल से सम्मान किया।

**पंडित देवेंद्र शास्त्री मंदसौर की शान है**–श्री रामकथा के चतुर्थ दिवस मंदसौर के प्रसिद्ध कथाकार पंडित देवेन्द्र शास्त्री की पूज्य माताजी का आगमन हुआ। व्यास पीठ पर विराजित आचार्य श्री रामानुजजी ने पंडित देवेन्द्र शास्त्री को मंदसौर की शान बताया और कहा कि माताजी का स्नेह अप्रतिम है। कथा में रामकथा के मर्मज्ञ पंडित दशरथ भाई जी की भी पद्रावनी हुई। आचार्य श्री ने आपको मंदसौर के मुरारीबापू की संज्ञा देकर आपका सम्मान किया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in